लघु उद्योग भारती

Registration No. RAJBIL/2016/69093
OFFICIAL PUBLICATION OF LAGHU UDYOG BHARATI

# UDYOG TIMES

Volume - 8 Issue - 02 December, 2024
Total Pages - 40 Price - Rs. 10

## सोहन सिंह स्मृति कौशल विकास केंद्र, जयपुर

# राजस्थान में कौशल विकास का नया युग प्रारंभ





LUB's Tamil Nadu State President Shri Sivakumar, Jt. General Secretary Shri Kalyansundaram and Executive Member Shri Kumaragiri met Governor of Maharashtra State Shri C.P. Radhakrishnan during his Coimbatore Visit on 24th December, 2024.



LUB's Kishangarh Unit Organised Swayamsiddha Exhibition for Promotion of Women Entrepreneurs. The 3 Day Exhibition was inaugurated by Union MoS for Agriculture & Farmers' Welfare Shri Bhagirath Choudhary 20th December, 2024.




LUB's Agra Unit of UP State organized an Interactive Session 'Kar Manthan' on GST & Service Tax in the presence of Add. Commissioner Shri Maruti Sharan Chaube & Chairman Uttar Pradesh Laghu Udyog Nigam Shri Rakesh Garg on 27th December, 2024.



LUB's Devas Unit of Madhya Pradesh met the District Collector and gave a Representation regarding MSMEs Issues of the region in December, 2024.




LUB's Beawar Unit of Rajasthan State organised the 'Parivarik Milan' for Inculcating Indian Values, Traditions & Customs and Felicitating Members for their Professional Achievements in December, 2024.

# UDYOG TIMES

OFFICIAL PUBLICATION OF LAGHU UDYOG BHARATI

**Volume - 8    Issue - 02    December, 2024**



## Editorial Board

■ **Patron**

Shri Ghanshyam Ojha, National President 098290-22896

Shri Prakash Chandra ji, National Org. Secretary 099299-93660

Shri Om Prakash Gupta, National Gen. Secretary 095602-55055

■ **Editor**

Dr. Kirti Kumar Jain 094141-90383

■ **Co-Editor**

Dr. Sanjay Mishra 098295-58069


## विवरणिका


| | |
|---|---|
| Editorial | 03-03 |
| PM to Inaugurate Advantage Assam 2.0 ... | 04-04 |
| कौशल विकास: 2047 तक विकसित... | 05-06 |
| कौशल की कला से होगा भारत के युवा... | 07-10 |
| बी.वॉक. डिग्री के लिए राजस्थान सरकार ... | 11-11 |
| अगर आपके पास कौशल है डिग्री नहीं,... | 12-12 |
| भारत की स्किल फैक्ट्री 'एनएसडीसी' ... | 13-15 |
| सोहन सिंह स्मृति कौशल विकास केंद्र का भव्य ... | 16-17 |
| Skill-Based Education in India and Its Future... | 18-19 |
| Skill Development: A Roadmap... | 20-21 |
| Agriculture & Skill Development: .. | 22-24 |
| Women Empowerment: Need, Nature & Nurture... | 25-26 |
| लघु उद्यमियों के कुंभ में रहा प्रदेश का संपूर्ण प्रतिनिधित्व... | 27-30 |
| NEWS UPDATE ... | 33-34 |
| LUB's News in Brief ... ... | 35-38 |



***Price - 10/-    Life Membership 1000/-***

**Corporate & Head Office :**

Shri Vishwakarma Bhawan 48, Deen Dayal
Upadhyay Marg, Rouse Avenue, New Delhi-110002
Website : www.lubindia.com
Email : headoffice@lubindia.com
Ph.: 011-23238582

**Registered Office :**

Plot No. 184, Shivaji Nagar, Nagpur-440011
Ph.: 0712-2533552


# Small Businesses and Trade Fairs - A Winning Effort




**Editorial**

**Dr. Kirti Kumar Jain**
kkjain383@gmail.com


It is felt that one of the most effective ways for small entrepreneur to promote their products and services is through participation in trade fairs. SMEs who have participated in trade fairs will agree with me that they offer direct access to the potential customers, suppliers and partners and create networking opportunities, fostering growth, and providing both domestic and international exposure.

If that does not convince you, here are some statistics. The Indian exhibition industry generates an annual revenue of around Rs. 12,000-15,000 crores, and it is expected to grow by 10-12% annually. India hosts numerous trade fairs across a wide range of sectors, from textiles and handicrafts to technology and manufacturing. These events provide a perfect ground and offer an excellent opportunity for MSMEs to showcase their offerings, collaborate & develop business relationships, and tap into both domestic and international markets.

Recognizing the potential of trade shows for small businesses, the Indian government has launched several initiatives to support participation in trade fairs. The Marketing Assistance Scheme (MAS), for instance, offers financial support to small and medium enterprises (SMEs) for participating in international and national trade exhibitions. This scheme helps cover a portion of the costs associated with travel, booth setup, and other promotional activities, making it easier for small businesses to access global platforms without bearing the full financial burden.

Trade fairs are more than just a platform; they are a gateway to business transformation. For small businesses seeking to expand their reach and enhance their growth prospects, these events, along with the government's support programs, could be the key to unlocking new doors in both domestic and international markets.

I invite your opinions.

# PM to Inaugurate *Advantage Assam 2.0*

**Signals** from Dispur are sending a clear message. The Assam Chief Minister Dr. Himanta Biswa Sarma has indicated that he means business now, literally. The second edition of investor summit dubbed as 'Advantage Assam 2.0: Investment and Infrastructure Summit-2025,' has been announced to be held in Guwahati on February 25-26, 2025. The announcement of the event was made by Dr. Sarma.

Addressing the media, the Chief Minister said that Prime Minister Narendra Modi will inaugurate the summit on February 25, 2025. And Union Finance Minister Smt. Nirmala Sitharaman will be invited for the valedictory session.


The first edition of Advantage Assam was held in Guwahati in 2018, which attracted over 1 lakh crore investment in different sectors related to the State's economy.

"During the first edition of Advantage Assam, MoUs worth nearly 1 lakh crore were signed for investments in the State. Of this, some investments have already been made. But some initiatives could not be carried forward due to COVID pandemic. In the last four years, we did not organize any investment summit. Despite that, investments have poured in, and Assam has built an image at the national level as a good destination for investments. This was made possible because of the peaceful atmosphere, devoid of any agitations," said the Chief Minister.

The Chief Minister said that Advantage Assam 2.0 will be a pragmatic, theme-focused summit, steering clear of extravagance while concentrating on actionable outcomes.

"In the first edition, our focus was primarily on investment. This time the focus is on investment, with extra focus on infrastructure. Multiple sessions will






be held on infrastructure.

A session will be dedicated to the road sector with Union Road Transport and Highways Minister Shri Nitin Gadkari. Another will be on the Railways in the presence of Union Railway Minister Shri Ashwini Vaishnaw. Union Agriculture Minister Shri Shivraj Singh Chouhan will be present during a session on agriculture. Three more sessions on civil aviation, industrial parks, and the hydrocarbon industry have been planned," Dr. Sarma informed the media.

He said that after the TATA group started working on the semiconductor unit at Jagiroad in Morigaon district, many industrial groups have shown interest in investing in the State in various sectors.

He said that three delegations will be sent to foreign countries to showcase the event and invite participation, with one team visiting Singapore and Japan and one each touring the US and UK. "Several roadshows have been planned at the international level. Of these three groups, one will visit Dubai also."

The Chief Minister said that roadshows will also be conducted in six major Indian cities- Mumbai, New Delhi, Hyderabad, Bangalore, Chennai, Ahmedabad, Kolkata and Bhutan to engage with investors and raise awareness.

The State Government also plans to organise a Mega Jhumoir Dance during the summit where nearly 7,500 dancers and artistes from the tea garden areas of the State will participate.

The Chief Minister said, "We had already planned a Jhumoir performance in Guwahati. We have now decided that the performance will be held during the two-day summit to enable national and international delegates to enjoy the State's culture.

He added that each of State's 800-odd tea gardens will be represented by women dancers and an equal number of men, making it a spectacle of unprecedented scale.

# कौशल विकासः 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की कुंजी



**दृष्टिकोण**

***अभिषेक तिवारी***

*जाने-माने टेक एक्सपर्ट*

*मैनेजिंग डायरेक्टर, अभीटेक*

abhi@abhitech.com

## भारत को विकसित बनाने के लिए हमारी तैयारी क्या है?

15 अगस्त, 2047 को जब देश स्वाधीनता के 100 वर्ष मना रहा होगा, तब तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश के सामने रखा है। प्रधानमंत्री जी ने इस लक्ष्य में युवा, गरीब, महिला व किसान के आर्थिक सशक्तिकरण, तकनीकी नेतृत्व और समावेशी विकास पर जोर दिया है। विकसित भारत के बड़े लक्ष्य को साकार करने में कौशल विकास की महत्वपूर्ण भूमिका है और ये देश की तत्काल एवं दीर्घकालिक आवश्यकताओं की पूर्ती करने में भी मददगार साबित होगा। लेकिन सिर्फ लक्ष्य सामने रखने से कार्य सिद्धी नहीं होगी, इसके लिए हमारे पास कारगर कार्यक्रम भी होना चाहिए।

## बदलता वैश्विक और राष्ट्रीय परिदृश्य

वैश्विक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फिर से सत्ता में आने के साथ, चीन के प्रति अमेरिकी नीतियों में सख्ती की उम्मीद है। ऐसे में कई अमेरिकी व्यवसाय अपनी विनिर्माण (manufacturing) इकाइयाँ चीन से बाहर स्थानांतरित करने पर विचार कर सकते हैं।

वैश्वीकरण और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों ने भारत को एक महत्वपूर्ण मोड़ पर ला खड़ा किया है। चीन की वैश्विक विनिर्माण में पकड़ कमजोर हो रही है, और देश वैकल्पिक बाजारों की तलाश में हैं। भारत, अपनी बढ़ती अर्थव्यवस्था और अनुकूल जनसांख्यिकी के कारण, स्वाभाविक रूप से एक मजबूत उम्मीदवार है।

हालांकि, वैश्विक व्यवसायों को आकर्षित करना केवल नीतिगत सुधारों या कर लाभों के माध्यम से



**'उद्योग जगत की मांग के अनुरूप रोजगार सृजन करना बेरोजगारी समाप्त करने की कुंजी है।'**
**-प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी**

संभव नहीं है- यह लोगों पर निर्भर करता है। भारत के कार्यबल (workforce) को न केवल अत्याधुनिक तकनीकी कौशल में प्रशिक्षित होना चाहिए, बल्कि उन्हें संचालन विशेषज्ञता, भाषा दक्षता, नेतृत्व गुण और आलोचनात्मक सोच जैसे कौशलों से भी सुसज्जित होना होगा।

नीति आयोग और वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की रिपोर्ट बताती हैं कि कार्यबल की मौजूदा कुशलता और उद्योग की मांगों के बीच एक बड़ा अंतर है। इस अंतर को पाटना केवल एक आर्थिक आवश्यकता नहीं है, बल्कि यह एक राष्ट्रीय प्राथमिकता है।

## कौशल विकास के प्रमुख दृष्टिकोण

**1. आर्थिक दृष्टिकोण- वैश्विक निवेश के लिए कार्यबल की तैयारी**

जैसे-जैसे विनिर्माण इकाइयाँ और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएँ भारत में स्थानांतरित होती हैं, लॉजिस्टिक्स, गुणवत्ता नियंत्रण और औद्योगिक संचालन जैसे क्षेत्रों में कुशल श्रमिकों की मांग बढ़ेगी। इसके अतिरिक्त, उद्योगों को चाहिए:

- सप्लाई चेन मैनेजमेंट
- प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेशन
- बिजनेस एनालिटिक्स

**तत्काल फोकसः** कार्य कुशलता, निर्यात अनुपालन और अंतरराष्ट्रीय व्यापार संचार में प्रशिक्षण कार्यक्रम।

**दीर्घकालिक फोकसः** व्यावसायिक प्रशिक्षण को शैक्षणिक पाठ्यक्रम में एकीकृत करना और औद्योगिक क्षेत्रों में इंटर्नशिप को बढ़ावा देना।

**2. तकनीकी दृष्टिकोणः** कोडिंग से आगे बढ़ते हुए तकनीकी कौशल महत्वपूर्ण हैं, लेकिन कौशल विकास को केवल कोडिंग तक सीमित नहीं किया जा सकता। Springboard Skills Gap Trends 2024 रिपोर्ट के अनुसार-

- वर्तमान नौकरियों का केवल 25% हिस्सा भविष्य की तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप है।
- डिजिटल साक्षरता, अनुकूलनशीलता और डेटा का बुनियादी ज्ञान सभी उद्योगों में आवश्यक होंगे।

**तत्काल फोकसः** डिजिटल साक्षरता, क्लाउड कंप्यूटिंग और बुनियादी तकनीकी उपकरणों में प्रशिक्षण।

**दीर्घकालिक फोकसः** क्वांटम कंप्यूटिंग, IoT, एआई, ब्लॉकचेन या साइबर सुरक्षा और स्वच्छ ऊर्जा समाधानों जैसे उभरते क्षेत्रों में प्रशिक्षण।

**3. शैक्षिक दृष्टिकोणः अकादमिक प्रणाली का उद्योग**

**आवश्यकताओं से तालमेल**

भारत की शिक्षा प्रणाली को रटने की बजाय व्यावहारिक, कौशल-आधारित शिक्षण की ओर बढ़ना होगा। स्कूलों और विश्वविद्यालयों को ध्यान देना चाहिए:

- समस्या-समाधान क्षमता
- आलोचनात्मक सोच और रचनात्मकता
- सहयोग और संचार कौशल

**तत्काल फोकस:** लघु अवधि के उद्योग-उन्मुख पाठ्यक्रम और प्रमाण-पत्र कार्यक्रम।

**दीर्घकालिक फोकस:** पाठ्यक्रम में अनुभवात्मक शिक्षा और इंटर्नशिप को प्रारंभिक स्तर से शामिल करना।

**4. सामाजिक दृष्टिकोण: समावेशन के लिए प्रयास**

**नीति आयोग की 2021 की एक रिपोर्ट के अनुसार:**

- भारत की कार्यशील जनसंख्या (15 से 64 वर्ष के बीच) वर्ष 2030 तक 1 अरब तक पहुँच जाएगी, जो चीन को पीछे छोड़ देगी। भारत की 65% जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है।
- बढ़ती कार्यशील जनसंख्या को समाहित करने के लिए हर वर्ष 1.2 करोड़ नई नौकरियों की आवश्यकता है। हर वर्ष 5 करोड़ लोगों को कौशल प्रशिक्षण की जरूरत है, जबकि वर्तमान क्षमता केवल 30 लाख लोगों को प्रशिक्षित करने की है।
- भारत में लगभग 90 करोड़ लोग 'उभरते मध्यवर्ग' और 'मध्यवर्ग' का हिस्सा बन गए हैं, जो नई संभावनाएँ और अवसर प्रदान करेंगे।



**'उभरती हुई तकनीकें और एआई की शुरुआत आईटीआई को फिर से परिकल्पित करने में मदद करेगी।'**

**-जयंत चौधरी**

कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार

- बाजार में सफलता के लिए कंपनियों को नई सोच अपनानी होगी और innovative business model के माध्यम से नए उत्पाद एवं सेवाएं लानी होंगी ।

**तत्काल फोकस:** ग्रामीण क्षेत्रों, महिलाओं और युवाओं के लिए डिजिटल कौशल अभियान।

**दीर्घकालिक फोकस:** कौशल विकास के अवसरों को सभी के लिए समान रूप से उपलब्ध कराना।

**5. सॉफ्ट स्किल्स: नजरअंदाज किए गए लेकिन महत्वपूर्ण कौशल**

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम रिपोर्ट के अनुसार, आवश्यक सॉफ्ट स्किल्स में शामिल हैं:

- भावनात्मक बुद्धिमत्ता
- अनुकूलनशीलता
- वार्ता कौशल
- नेतृत्व और टीम प्रबंधन

**तत्काल फोकस:** संगठनों में सॉफ्ट स्किल्स पर प्रशिक्षण कार्यक्रम।

**दीर्घकालिक फोकस:** स्कूल और कॉलेज पाठ्यक्रम में सॉफ्ट स्किल्स को अनिवार्य बनाना।

## चुनौतियाँ और समाधान

**मुख्य चुनौतियाँ:**

- शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच असंगति।
- व्यावसायिक प्रशिक्षण के प्रति जागरूकता की कमी।
- बुनियादी ढांचे की कमी।

**समाधान:**

- सार्वजनिक-निजी भागीदारी।
- डिजिटल साक्षरता अभियान।
- शैक्षणिक संस्थानों में कौशल विकास का एकीकरण।

**भविष्य की राह:**

- **अल्पकालिक लक्ष्य:** तत्काल उद्योग आवश्यकताओं को पूरा करना।
- **मध्यमकालिक लक्ष्य:** शिक्षा प्रणाली में कौशल आधारित शिक्षण को प्राथमिकता देना।
- **दीर्घकालिक लक्ष्य:** तकनीकी और मानवीय कौशल का संतुलित विकास।

## निष्कर्ष

विकसित भारत का सपना केवल नीतियों से साकार नहीं होगा; इसके लिए कौशल विकास में हर स्तर पर निवेश की आवश्यकता है। क्या हम तैयार हैं? इस प्रश्न का उत्तर हमारे आज के प्रयासों में छिपा है। ☐☐☐

### Top 10 skills of 2023

- Analytical thinking
- Technological literacy
- Creative thinking
- Dependability and attention to detail
- Resilience, flexibility and agility
- Empathy and active listening
- Motivation and self-awareness
- Leadership and social influence
- Quality control
- Curiosity and lifelong learning

*Source: World Economic Forum, Future of Jobs Report 2023*

# कौशल की कला से होगा भारत के युवा संसाधन का कायाकल्प



**सामयिक**

*डॉ. संजय मिश्र*
*वरिष्ठ पत्रकार एवं शिक्षाविद्*
dr.sanjay.jpr@gmail.com

**आज** भारत अपनी सबसे युवा आबादी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में अपना स्थान बनाने के लिए प्रयासरत है। विकासशील देश के टैग को हटाने और विकसित राष्ट्र बनने की अपनी आकांक्षा को खुले तौर पर प्रकट करने के बाद उन कमियों को दूर करने की दिशा में काम किया जा रहा है, जो विकसित और विकासशील राष्ट्रों के बीच बड़ा अंतर करती हैं। इस बदलाव के लिए भारत के विकास की नई सोच और दिशा में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका हमारे युवाओं की है।

भारत में युवाओं की संख्या दुनिया के अधिकांश देशों से कहीं अधिक है, और यह युवा शक्ति देश के समग्र विकास का आधार बन सकती है। कौशल की कमी के कारण हमारे पास अपार युवा संसाधन होते हुए भी न तो उन्हें उचित रोजगार के अवसर मिल पाते हैं, और न ही उद्योगों को योग्य और कुशल कार्यबल। यह स्थिति न केवल युवाओं के लिए, बल्कि देश की समग्र विकास प्रक्रिया के लिए भी एक चुनौती बन जाती है। यही कारण है कि भारत के लिए कौशल विकास अब न केवल अवसर है, बल्कि आवश्यकता बन चुका है।

**कौशल विकास के वैश्विक रुझान और उनका प्रभाव–**

वर्तमान समय में, कौशल विकास वैश्विक मेगा रुझानों के केंद्र में है, जैसे स्वचालन, जलवायु परिवर्तन के खिलाफ कार्रवाई, उत्पादों और सेवाओं का डिजिटलीकरण, और सिकुड़ती श्रम शक्ति। इन सभी परिवर्तनों का सीधे तौर पर प्रभाव शिक्षा और श्रम बाजारों पर पड़ रहा है, जो काम और कौशल की मांग की प्रकृति को बदल रहे हैं। इन परिवर्तनों के साथ तालमेल बनाए रखना और अपने कार्यबल को भविष्य के लिए तैयार करना किसी भी राष्ट्र के लिए अत्यंत आवश्यक हो गया है।

कौशल और कार्यबल विकास प्रणालियों को अब इन बदलावों के लिए सक्रिय रूप से अनुकूल होना चाहिए। स्वचालन और डिजिटलीकरण के कारण श्रमिकों की आवश्यकताएँ लगातार बदल रही हैं, और ऐसी स्थिति में, वैश्विक स्तर पर शिक्षा और कार्यबल विकास प्रणालियों के प्रतिमान को फिर से परिभाषित करना आवश्यक हो गया है। भविष्य के श्रम बाजार में, शिक्षा और कौशल प्रणालियों को अधिक व्यक्तिगत, सुलभ (दूरस्थ और संकर शिक्षा



की अनुमति देते हुए) और निरंतर रूप से कार्यकर्ता के करियर के दौरान विकसित होने वाला होना चाहिए।

**दुनियाभर की सरकारों के एजेंडे में कौशल विकास–**

कौशल विकास का एजेंडा आज दुनियाभर की सरकारों की पहली प्राथमिकता में हैं। हम पश्चिम और विकसित राष्ट्रों को कितना भी कोसें, लेकिन स्किल्स के मामले में वे हमसे बहुत आगे हैं। संयुक्त राष्ट्र (UN) और विश्व बैंक (World Bank) जैसे संगठनों ने कौशल विकास के लिए बड़े पैमाने पर बजट आवंटित किए हैं। विश्व बैंक की 2020 की रिपोर्ट के अनुसार, "Skills for a Changing World" पहल के तहत विकासशील देशों में कौशल विकास परियोजनाओं के लिए 6 बिलियन से अधिक का निवेश किया गया। इसी तरह, यूरोपीय संघ ने 2023 में "Digital Europe Program" के तहत डिजिटल कौशल को सशक्त बनाने के लिए 580 मिलियन का बजट निर्धारित किया।

**टेक्नोलॉजी हब्स और डिजिटल लैब्स–** यूरोप, अमेरिका और एशिया में डिजिटल स्किल हब्स स्थापित किए गए हैं।

**ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म–** Coursera, edX और Skillshare जैसे प्लेटफ़ॉर्म ने कौशल विकास को दूरस्थ और सुलभ बनाया है।

**इंटर्नशिप और ट्रेनिंग प्रोग्राम–** वैश्विक कंपनियों ने विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किए हैं, जैसे माइक्रोसॉफ्ट और गूगल के AI, मशीन लर्निंग, और डेटा साइंस में ट्रेनिंग कार्यक्रम।

**पौराणिक काल से भारत में कौशल का महत्व**

भारतीय संस्कृति और दर्शन में कौशल का स्थान बहुत महत्वपूर्ण है, और इसे प्राचीन काल से ही जीवन के एक अनिवार्य तत्व के रूप में माना गया है। हिन्दू धर्म ग्रंथों के अनुसार, भगवान श्री कृष्ण को 14 विद्याओं और 64 कलाओं में पारंगत माना जाता है। श्री कृष्ण ने अपनी सम्पूर्ण शिक्षा और ज्ञान उज्जैन में गुरु संदीपनि के आश्रम में प्राप्त की। श्री कृष्ण के साथ वहाँ उनके मित्र

सुदामा और भाई बलराम भी थे। माना जाता है कि यही स्थान विश्व का पहला गुरुकुल था। श्री कृष्ण ने मात्र 64 दिनों में ही 64 कलाओं का ज्ञान प्राप्त कर लिया था, और इन कलाओं में से अधिकांश कलाएं ऐसी हैं जिन्हें हम आज के समय में कौशल के रूप में मानते हैं।

इन कलाओं में न केवल बेताल को वश में करना, विजय प्राप्त कराने वाली विद्या, मंत्र विद्या, जल को बांधना, इंद्रजाल-जादूगरी और इच्छाधारी वेष धारण करने जैसी विलक्षण विद्या शामिल थीं, बल्कि अन्य सामान्य कौशल भी शामिल थे। उदाहरण के लिए, नृत्य, वाद्य बजाना, गायन, नाट्य-अभिनय, पकवान कला, कपड़े और गहने बनाना, चित्रकारी, कूटनीति, और शंख व हाथी दांत से गहने तैयार करना। इन कलाओं के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश मिलता है कि किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व में कौशल या स्किल का होना अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यह केवल जीवन को समृद्ध और पूर्ण बनाने के लिए नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी योगदान करता है। श्री कृष्ण द्वारा प्रदर्शित यह 64 कलाएं न केवल शारीरिक या मानसिक कौशल से संबंधित थीं, बल्कि वे एक व्यक्ति के संपूर्ण विकास का प्रतीक थीं।

**कौशल विकास के नए आयाम-**

कई देशों में, विशेष रूप से LMIC (लो और मिडल इनकम कंट्रीज़) में, कौशल प्रणालियों को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि कई श्रमिक फ्रीलांसिंग, अनौपचारिक नौकरियों या स्वरोजगार में संलग्न होंगे। ऐसे श्रमिकों को भी अधिक लाभदायक, उत्पादक और आर्थिक विकास के लिए अनुकूल बनाने की आवश्यकता है।

## सफलता के लिए ये कौशल हैं जरूरी-

21वीं सदी के श्रम बाजार में सफल होने के लिए किसी व्यक्ति को व्यापक कौशल सेट की आवश्यकता होती है। इनमें बुनियादी और उच्च क्रम कौशल शामिल हैं, जो संज्ञानात्मक कौशल हैं। ये कौशल जटिल विचारों को समझने, पर्यावरण के लिए प्रभावी ढंग से अनुकूल होने, अनुभव से सीखने और तर्क करने की क्षमता को परिभाषित करते हैं। इसके अतिरिक्त, सामाजिक-भावनात्मक कौशल, विशेष कौशल और डिजिटल कौशल भी आवश्यक हैं।

**बुनियादी और उच्च क्रम कौशल-** ये संज्ञानात्मक कौशल होते हैं, जो व्यक्ति को जटिल समस्याओं को हल करने और नए विचारों को समझने की क्षमता प्रदान करते हैं।

**सामाजिक-भावनात्मक कौशल-** यह कौशल किसी व्यक्ति को रिश्तों, भावनाओं और दृष्टिकोणों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में मदद करते हैं। इनमें नेतृत्व, टीमवर्क, आत्म-नियंत्रण और धैर्य जैसे गुण शामिल हैं।

**विशेष कौशल-** ये किसी विशेष कार्य को करने के लिए आवश्यक होते हैं और इनमें तकनीकी और संज्ञानात्मक कौशल के साथ-साथ उद्यमिता कौशल भी शामिल हैं।

**डिजिटल कौशल-** ये सभी प्रकार के कौशलों के ऊपर आधारित होते हैं और जानकारी तक सुरक्षित पहुँच, उसका प्रबंधन, समझ, और निर्माण की क्षमता को परिभाषित करते हैं।

**कौशल विकास की दिशा में दो कदम-**

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में, इस दिशा में गंभीर प्रयास किए गए हैं। भारत में कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाओं और कार्यक्रमों की शुरुआत की गई है, ताकि हमारी युवा शक्ति को सही दिशा में प्रशिक्षित किया जा सके।

वर्ष 2047 तक विकासशील से विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत को स्किल डेवलपमेंट (कौशल विकास) को प्राथमिकता देना अत्यंत आवश्यक है। यह केवल बेरोजगारी से निपटने के लिए नहीं, बल्कि देश की आर्थिक प्रगति के लिए भी अनिवार्य है। अगर हम अपने युवाओं को कौशल से लैस करने में सफल होते हैं, तो यह भारत को वैश्विक स्तर पर एक आर्थिक महाशक्ति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

'प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना' (PMKVY) जैसे कार्यक्रम इस दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। इस योजना के तहत युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि वे कामकाजी दुनिया में सफल हो सकें। इसी तरह उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई योजनाएं बनाई हैं। इससे न केवल बेरोजगारी की रफ्तार में कमी आएगी, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ये एक महत्वपूर्ण कदम भी होगा। सरकार ने डिजिटल इंडिया अभियान के तहत युवाओं को डिजिटल तकनीकों से अवगत कराने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए हैं। कौशल विकास केंद्रों की स्थापना के जरिये युवाओं को स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित किया जा रहा है।

## भारत में कौशल विकास चुनौतियां और समाधान

भारत की युवा जनसंख्या के लगातार बढ़ते आकार और वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की प्रमुख भूमिका को देखते हुए, कौशल विकास को लेकर देश में कई रणनीतियाँ अपनाई जा रही हैं। इन प्रयासों का लक्ष्य भारत को एक प्रमुख कौशल-हब के रूप में स्थापित करना है, जहाँ प्रशिक्षित युवाओं का योगदान वैश्विक कार्यबल में महत्वपूर्ण हो।

**कौशल विकास में प्रमुख चुनौतियां-**

**असमान शिक्षा और कौशल स्तर-** भारत में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच शिक्षा और कौशल विकास सुविधाओं में बड़ा अंतर है। यह असमानता ग्रामीण युवाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त करने में बाधक बनती है, जो उनके रोजगार के अवसरों को प्रभावित करती है।

**अप्रचलित पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण प्रणाली-**

वर्तमान शैक्षिक पाठ्यक्रम और कौशल विकास कार्यक्रम उद्योग की बदलती आवश्यकताओं से मेल नहीं खाते। इस कारण से कई युवा प्रशिक्षित होने के बावजूद रोजगार के लिए तैयार नहीं होते हैं।

**वित्तीय बाधाएं-**

कई युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों की लागत वहन करना कठिन होता है, जिससे वित्तीय सहायता और सब्सिडी की आवश्यकता बढ़ जाती है।

**अधूरी उद्योग-शिक्षा भागीदारी-**

उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग की कमी के कारण छात्रों को प्रैक्टिकल अनुभव प्राप्त नहीं होता, जो उन्हें वास्तविक कार्य परिस्थितियों में सक्षम बनाने के लिए महत्वपूर्ण है।

**कम जागरूकता-**

विशेष रूप से ग्रामीण और निम्न-आय वर्ग में कौशल विकास कार्यक्रमों के प्रति जागरूकता की कमी है, जिससे ये वर्ग इन अवसरों से वंचित रह जाता है।

**महिला भागीदारी में कमी-**

सामाजिक और सांस्कृतिक कारणों से महिलाओं की कौशल विकास कार्यक्रमों में भागीदारी सीमित होती है, जिससे उनके रोजगार के अवसरों में कमी आती है।

## समाधान

**ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का विकास-** कौशल विकास केंद्रों को ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित किया जाना चाहिए। डिजिटल तकनीक का उपयोग करके दूरदराज क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जा सकती है।

**पाठ्यक्रम का आधुनिकीकरण-** कौशल विकास पाठ्यक्रमों को उद्योग की वर्तमान और भविष्य की मांग के अनुसार अपडेट किया जाना चाहिए। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।


**वित्तीय सहायता और सब्सिडी-** सरकारी और निजी क्षेत्र को छात्रों के लिए स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम में छात्रवृत्तियाँ और ऋण योजनाएं उपलब्ध करानी चाहिए।

**इंडस्ट्री-अकादमिक सहयोग-** उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के बीच मजबूत सहयोग से छात्रों को लाइव प्रोजेक्ट और इंटर्नशिप का अनुभव मिल सकता है, जो उनकी व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ाएगा।

**जागरूकता अभियान-** कौशल विकास के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा विशेष अभियान चलाए जाने चाहिए।

**महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं-** महिलाओं के लिए सुरक्षित और अनुकूल प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की जानी चाहिए और उन्हें सशक्त बनाने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए।

# कौशल युक्त कार्यबल के बारे में क्या कहते हैं उद्यमी



कौशल विकास के क्षेत्र में अनेक समस्याएँ भी मौजूद हैं। नोएडा में सेटेलाइट इक्विपमेंट्स के उत्पादन से जुड़े वरिष्ठ उद्योगपति **श्री जनक भाटिया** का कहना है कि सरकार ने कौशल विकास के लिए कई सेंटर्स खोले हैं और निजी संस्थानों के माध्यम से इस कार्य पर बहुत पैसा भी खर्च किया गया है, लेकिन जिस स्तर के कौशल विकास की अपेक्षा की गई थी, वैसा परिणाम नहीं मिल पाया है। सरकार को इस पर पुनर्विचार करना होगा और नीतियों में बदलाव की आवश्यकता है, ताकि एक सक्षम और प्रशिक्षित कार्यबल उद्योगों को मिल सके।



राजस्थान के प्रमुख उद्यमी **श्री अरुण जाजोदिया** भी मानते हैं कि उद्योगों में स्किल्ड मैन पावर की भारी कमी है, जिसे अक्सर उद्यमी को ही हल करना पड़ता है। उनके अनुसार, जहां भी सरकार कौशल प्रशिक्षण का कार्य करती है, वहाँ केवल थ्योरी पढ़ाई जाती है, और प्रशिक्षण प्राप्त लोगों को मशीनों पर काम करने का अनुभव नहीं होता। इस प्रकार के प्रशिक्षण में न केवल समय और श्रम की बर्बादी होती है, बल्कि यह संसाधनों की भी भारी हानि करता है। उद्यमियों को फिर से इन प्रशिक्षित व्यक्तियों को अपने संसाधनों का उपयोग करके प्रशिक्षित करना पड़ता है, जो कि एक महंगा और समय-साध्य प्रक्रिया है।

**कौशल विकास में भारतीय योगदान**

भारत ने वैश्विक तकनीकी और डिजिटल कार्यबल में अपनी विशेष पहचान बनाई है। IT और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के क्षेत्र में भारतीय पेशेवरों का प्रभुत्व स्पष्ट है। भारत के श्रमिक डेटा एनालिटिक्स, साइबर सिक्योरिटी, और हेल्थकेयर जैसे क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। भारत में कौशल के महत्व में ध्यान में रखकर केंद्र और राज्यों के स्तर पर कौशल शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण के लिए अलग से मंत्रालय कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY) को जुलाई 2015 में 2020 तक एक करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित करने के लक्ष्य के साथ शुरू किया गया। इसमें प्रमुख कौशल के रूप में तकनीकी, डिजिटल, और सेवा क्षेत्र को रखा गया।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 (PMKVY 4.0) के लिए 2024-25 का बजट आवंटित किया गया 4,400 करोड़। इसमें प्रमुख कौशल कोडिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, IoT, ड्रोन तकनीक को रखा गया।

इसी तरह उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (PSDM) को वर्ष 2013 में 200 करोड़ के बजट के साथ शुरू किया गया। इसमें प्रमुख कौशल इलेक्ट्रीशियन, फैशन डिजाइनिंग और हेल्थकेयर को शामिल किया गया। जन शिक्षण संस्थान (JSS) को भी वर्ष 1967 में 350 करोड़ के बजट और प्रमुख कौशल हस्तशिल्प तथा गृह उद्योग के साथ शुरू किया गया। इसी तरह औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI) को वर्ष 1950 में शुरू किया गया जिस पर 3,500 करोड़ खर्च किये जा चुके। इसमें प्रमुख कौशल हैं- तकनीकी प्रशिक्षण जैसे इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, और मशीनिस्ट आदि।

## राजस्थान में कौशल शिक्षा की सरकारी उपेक्षा

### पेट्रोलियम और गैस टेक्नोलॉजी के लिए प्रस्तावित एनर्जी स्किल डेवलपमेंट कैंपस का काम अटका

वर्ष 2017 में स्थापित राजस्थान आईएलडी स्किल यूनिवर्सिटी वसुंधरा राजे सरकार का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट रहा है। उस समय आईएएस श्री ललित पंवार वाइस चांसलर नियुक्त किये गए। श्री पंवार लम्बे समय तक नौकरशाही में रहे, अनुभव भी था ही उन्हें, लेकिन किसी शैक्षणिक संस्थान को खड़ा करने का अनुभव तो उन्हें कतई नहीं था। लिहाजा वे इस संस्थान के साथ न्याय नहीं कर सके और उनके रिसोर्स होने का पूरा लाभ विश्वविद्यालय को नहीं मिला। यूनिवर्सिटी के एक्ट में ये विशेष प्रावधान था कि अगर बोर्ड ऑफ़ मैनेजमेंट का गठन किया गया तो वाइस चांसलर को भी हटाया जायेगा और पुन: नए सिरे से उसकी नियुक्ति की प्रक्रिया की जाएगी।

जिस विजन को लेकर स्किल यूनिवर्सिटी का गठन किया गया था वो तो बहुत पीछे रह गया। क्योंकि यूनिवर्सिटी का न कोई कैंपस था, न कोई स्टूडेंट, न लैब्स, न कोई ट्रेनर और न ही कोई प्रोफेसर की नियुक्ति की गई। बस करीब 40 के आसपास कॉलेजों को एफिलिएट किया गया और बीवॉक एवं एमवॉक डिग्री कोर्सेज शुरू कर दिए गए। तत्कालीन वाइस चांसलर ने BOM के गठन से बचने और वीसी बने रहने के लिए एक्ट में संशोधन ही नहीं होने दिया। और इसी में 2-4 साल लग गए। ये ऐसी कौशल विकास यूनिवर्सिटी बन गई जो सिर्फ डिग्री देने का काम करती। बाकी सारा कार्य तो संबद्ध महाविद्यालय ही कर लेते। तो फिर कैसी स्किल सिखाई गई होगी, आसानी से समझ में आता है।

ये दुर्भाग्य है प्रदेश का। जबकि उसके बाद गुजरात और हरियाणा राज्य में स्किल यूनिवर्सिटी शुरू की गई जिन्होंने वास्तविक अर्थ में यूथ एम्प्लॉयबिलिटी के लिए शानदार कार्य किया। उस समय आईएएस पीसी किशन ने सरकार को कहा कि व्यवस्थित कैंपस और लर्निंग के बिना टेंजिबल आउटकम नहीं मिलेगा। लेकिन उनकी किसी ने नहीं सुनी।

खैर, उसी दौरान भारत सरकार ने कहा कि बाड़मेर में रिफाइनरी के नजदीक एनर्जी स्किल कैंपस बालोतरा में डेवलप करना चाहती है और इसके लिए 100 करोड़ रुपये देने की मंशा जताई साथ ही 30 एकड़ जमीन भी आवंटित की। ये ट्रेनिंग कैंपस आयल और गैस टेक्नोलॉजी में हमारे युवाओं के लिए वरदान साबित होता और यहां से अच्छी संख्या में युवा भारत और मिडिल ईस्ट के साथ दुनियाभर की रिफाइनरी पर अच्छे खासे वेतन के साथ जॉब करते। लेकिन चूंकि ये कैम्पस भी इस यूनिवर्सिटी की निगरानी में ही तैयार होना था इसलिए काफी समय तक तो उस जमीन का कब्ज़ा ही नहीं लिया गया। लेकिन फिर सरकार बदली और वीसी भी बदले और कांग्रेस के शासन काल में आवंटित की गई जमीन को महज तीन महीनों पहले ही जैसे तैसे बचा लिया गया लेकिन केंद्र में भाजपा की सरकार से 100 करोड़ रूपया नहीं मिल सका। पेट्रोलियम सेक्रेटरी से प्रदेश सरकार ने फंड लेने का कोई प्रयास नहीं किया।

करीब 8 वर्षों बाद यूनिवर्सिटी को सीकर रोड पर चौंप गाँव में 30 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। लेकिन सरकार के पास रखी फाइल आज भी प्रतीक्षा कर रही है बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के गठन का, और इस कौशल विश्वविद्यालय के अच्छे दिनों का। □□□



# बी.वॉक. डिग्री के लिए राजस्थान सरकार करे ये जरूरी पहल

## बी.ए., बी.कॉम. और बी.एससी. डिग्री के समकक्ष मान्यता देनी होगी
## लघु उद्योग भारती ने इस आशय का सरकार को सौंपा ज्ञापन

**विश्वविद्यालय** अनुदान आयोग (यूजीसी) देश के उच्च शिक्षा क्षेत्र में निर्विवाद रूप से सर्वोच्च निकाय है जो गुणवत्तापरक शिक्षा को सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर दिशा-निर्देश जारी करने का कार्य करता है और दुनियाभर में हो रहे शिक्षा जगत में बदलावों को भी समय-समय पर आत्मसात करता है।

यूजीसी की पहल पर राज्य और निजी विश्वविद्यालयों सहित उच्च शिक्षण संस्थानों ने बैचलर ऑफ वोकेशनल (बी.वॉक.) डिग्री प्रोग्राम की पेशकश शुरू की। बी.वॉक. कार्यक्रम छात्रों को विशिष्ट व्यावसायिक कौशल और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करके विशिष्ट व्यवसायों और उद्योगों के लिए तैयार करने के लिए बनाया गया है।

B.Voc. एक तीन साल का डिग्री कोर्स है। इसका मकसद, युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण देकर, उन्हें आधुनिक क्षेत्रों में काम करने के लिए तैयार करना है। इस कोर्स से युवा अपने अंदर छिपे हुए हुनर को विकसित कर सकते हैं। B.Voc करने के बाद, स्वास्थ्य सेवा, प्रौद्योगिकी, आतिथ्य, होटल मैनेजमेंट, मेटल कंस्ट्रक्शन, उद्यमिता विकास, हेल्थकेयर, ग्राफ़िक डिज़ाइनिंग, वेब डिज़ाइनिंग, फ़ूड टेक्नोलॉजी, कॉस्मेटोलॉजी, ऑटोमोटिव रिपेयर, प्लंबिंग और एयरकंडिशनिंग। जैसे कई क्षेत्रों में नौकरी मिलने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।

**यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 22(3) के तहत यूजीसी द्वारा निर्दिष्ट और 19 जनवरी, 2013 को भारत के आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचित बैचलर ऑफ वोकेशनल (बी.वॉक.) एक बैचलर स्तर की डिग्री है, जिसे संघ/राज्य लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग या अन्य ऐसे निकायों द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अन्य बैचलर स्तर की डिग्रियों के बराबर मान्यता दी जाएगी, जहां पात्रता मानदंड 'किसी भी विषय में स्नातक डिग्री' रखा गया है।**

एमएसएमई सेक्टर में स्किल्ड वर्कफोर्स की समस्या को दूर करने के लिए राजस्थान की सरकार को हरियाणा जैसे छोटे से राज्य की बड़ी सोच से सबक लेकर  सभी भर्तियों के लिए क्रङ्कश्रष्. डिग्री को भी अन्य स्नातक (बैचलर डिग्री) के समकक्ष घोषित करने के लिए नोटिफिकेशन जारी करना चाहिए जिससे प्रदेश में स्किल बेस्ड पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए युवाओं में आकर्षण पैदा हो सके, और हजारों बी.वॉक. डिग्री होल्डर्स को अपने करियर में आगे बढ़ने के लिए बेहतर मार्ग मिल सके।



इस अधिसूचना में, यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि बी.वॉक. डिग्री वाले छात्रों को ऐसे पाठ्यक्रमों में ट्रांस डिसिप्लिनरी वर्टिकल मोबिलिटी के लिए पात्र माना जाना चाहिए, जहां प्रवेश योग्यता किसी विशेष विषय में विशिष्ट आवश्यकता के बिना सिर्फ बैचलर डिग्री है।

इसी प्रकार, वर्ष 2023 में, हरियाणा सरकार ने रोजगार के उद्देश्य के लिए बी.वॉक. डिग्री को किसी अन्य तीन वर्षीय बैचलर डिग्री के बराबर मानने के लिए एक अधिसूचना जारी की थी और इसे अनुपालन के लिए सभी संबंधित विभागों को प्रसारित किया गया था।

लेकिन राजस्थान राज्य में; बी.वॉक. डिग्री प्रोग्राम को अभी भी अन्य तीन वर्षीय स्नातक डिग्री के बराबर मान्यता नहीं दी गई है। अत: बी.वॉक. डिग्री करने के पश्चात विद्यार्थी राज्य सरकार की नौकरियों के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पात्र नहीं माने जाते। इससे इन अभ्यर्थियों के लिए करियर में आगे बढ़ने तथा रोजगार के अवसर बंद हो जाते हैं। अत: ऐसी स्थिति में राजस्थान सरकार को भी बी.वॉक. डिग्री को राज्य में अन्य सभी 3 वर्षीय डिग्रियों के समान समकक्षता प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण पहल करनी चाहिए। इस मामले में मुख्यमंत्री और कौशल शिक्षा मंत्री तुरंत संज्ञान लें  ताकि राज्य में कुशल पेशेवरों को न्याय तथा रोजगार के अवसर मिल सकें।

□□□

# अगर आपके पास कौशल है डिग्री नहीं, तो कोई समस्या नहीं!

## शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में यूजीसी के 'आरपीएल' के जरिए होगा नयी क्रांति का सूत्रपात




**आरपीएल (रिकॉग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग): कौशल को मिलेगी शिक्षा में मान्यता**

आरपीएल (रिकॉग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग) एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा देश के उच्च शिक्षा संस्थानों में लागू किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के माध्यम से, किसी व्यक्ति के पहले से अर्जित कौशल, ज्ञान और अनुभव को औपचारिक रूप से मान्यता दी जाएगी, चाहे वह अनुभव औपचारिक, अनौपचारिक या जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ा हुआ हो। इसके लिए यूजीसी ने दिशा-निर्देशों का मसौदा पेश किया है, और यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)-2020 और राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क (NCrF) के साथ जुड़ा है।

**आरपीएल का उद्देश्य और कार्य प्रणाली**

आरपीएल का मुख्य उद्देश्य उन व्यक्तियों को मान्यता प्रदान करना है जिनके पास दक्षता और कौशल हैं, लेकिन वे औपचारिक डिग्री या प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं कर पाए हैं। यह प्रक्रिया उनके अनुभव और स्किल्स को एक औपचारिक शिक्षा ढांचे में लाने का काम करती है। इसके अंतर्गत, इच्छुक व्यक्तियों को उच्च शिक्षा संस्थानों में दाखिले के लिए क्रेडिट मिल सकता है, जिससे उन्हें डिग्री प्राप्त करने के लिए आवश्यक समय और लागत में कमी आएगी।

**कैसे काम करेगा आरपीएल?**

आरपीएल का कार्यान्वयन उच्च शिक्षा संस्थान, सरकार से मान्यता प्राप्त मूल्यांकन संस्थान और उद्योग निकायों द्वारा किया जाएगा। इन केंद्रों में आवेदक अपने अनुभव और कौशल के प्रमाण प्रस्तुत करेंगे, जैसे कि पोर्टफोलियो, वर्क सैंपल, प्रमाण-पत्र या प्रोजेक्ट रिपोर्ट। इन प्रमाणों की प्रामाणिकता और वैधता की जांच के बाद आवेदक को क्रेडिट दिए जाएंगे और यह क्रेडिट एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (ABC) में रिकॉर्ड किए जाएंगे।

**आरपीएल से छात्रों को लाभ**

आरपीएल के माध्यम से छात्र अपने पहले से सीखे हुए कौशल का प्रदर्शन करके क्रेडिट प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उन्हें उच्च शिक्षा के कुछ कोर्सेज में छूट मिल सकती है। उदाहरण के लिए, अगर किसी छात्र ने प्रोग्रामिंग में अनुभव प्राप्त किया है, तो वह एडवांस कंप्यूटर साइंस कोर्स में प्रवेश पा सकता है और फंडामेंटल कोर्सेज से छूट पा सकता है। इसके परिणामस्वरूप, डिग्री हासिल करने के लिए समय और लागत में कमी आएगी।

**पेशेवरों के लिए आरपीएल के लाभ**

आरपीएल पेशेवरों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है, जो अपने करियर में प्रगति या पदोन्नति प्राप्त करना चाहते हैं। उदाहरण के तौर पर, एक अनुभवी मार्केटिंग मैनेजर अपने कौशल और अनुभव के आधार पर बिजनेस मैनेजमेंट की डिग्री प्राप्त कर सकता है, बिना औपचारिक डिग्री के। इसके परिणामस्वरूप, उन्हें नेतृत्व भूमिकाओं में आने के अधिक अवसर मिल सकते हैं।

**RPL का महत्व और वैश्विक परिप्रेक्ष्य**

आरपीएल की अवधारणा दुनियाभर में मान्यता प्राप्त है। ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में इसे RPL के रूप में जाना जाता है, जबकि अमेरिका में इसे 'Prior Learning Assessment' (PLA) कहा जाता है। इन देशों में RPL के माध्यम से लोग अपने अनुभव के आधार पर शिक्षा और करियर में प्रगति कर सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र श्रमिक संगठन (ILO) और यूरोपीय आयोग जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएँ भी आरपीएल की महत्वता को स्वीकार करती हैं और इसे बढ़ावा देती हैं।

**भारत में RPL की आवश्यकता**

भारत में, जहां 90% श्रमिक अनौपचारिक क्षेत्र में काम करते हैं, आरपीएल एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। इन श्रमिकों के पास किसी औपचारिक डिग्री की कमी हो सकती है, लेकिन उनके पास अनुभव और कौशल की कोई कमी नहीं होती। NEP-2020 के तहत, RPL इस बाधा को समाप्त करने का एक सशक्त उपाय साबित हो सकता है, जिससे लाखों भारतीयों को उच्च शिक्षा के अवसर मिल सकते हैं। FICCI-EY की 2023 की रिपोर्ट में भी कहा गया है कि RPL भारत के उच्च शिक्षा क्षेत्र में सुधार लाने में मदद करेगा और 2035 तक ग्रॉस एनरोलमेंट रेशियो (GER) को बढ़ाएगा।

आरपीएल एक सशक्त प्रणाली है जो कौशल, अनुभव और अनौपचारिक शिक्षा को औपचारिक रूप से मान्यता प्रदान करती है। यह न केवल छात्रों के लिए, बल्कि पेशेवरों और श्रमिकों के लिए भी एक अवसर प्रदान करती है। भारत में इसके प्रभावी क्रियान्वयन से न केवल उच्च शिक्षा में सुधार होगा, बल्कि श्रमिकों और पेशेवरों को भी नए अवसर प्राप्त होंगे, जिससे शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में एक नई क्रांति आएगी।

☐☐☐

# भारत की स्किल फैक्ट्री 'एनएसडीसी' की श्रमिक प्रशिक्षण एवं कौशल विकास के जरिए राष्ट्र निर्माण में भूमिका

**समीक्षा**

*उद्योग टाइम्स डेस्क*

**राष्ट्रीय** कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) भारत में कौशल विकास इकोसिस्टम में एक महत्वपूर्ण प्लेयर के रूप में उभर कर सामने आया है। भारतीय कार्यबल की रोजगार क्षमता को बढ़ाने के लिए स्थापित, स्किल्ड इंडिया के लिए सरकार के विजन के अनुरूप, एनएसडीसी ने इस वर्ष विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। यहां एनएसडीसी की उपलब्धियों, पहलों और भविष्य की संभावनाओं को संक्षेप में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**स्किल इंडिया डिजिटल हब ( सिद्ध ) का कार्यान्वयन–**

2024 में, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा स्थापित स्किल इंडिया डिजिटल हब डिजिटल लर्निंग और कौशल विकास के लिए एक अभिन्न हब के रूप में उभरा है। आज तक, यह पोर्टल एआई, ड्रोन टेक्नोलॉजी, डेटा साइंस और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसे उभरते क्षेत्रों में 500 से अधिक कोर्सेज़ प्रदान कर रहा है। एग्रीकल्चर और साइबर सिक्योरिटी में एआई-संचालित समाधानों पर विशेष कोर्सेज़ की शुरूआत बहुत महत्वपूर्ण है।



इस हब में उल्लेखनीय भागीदारी रही है क्योंकि इसके 1 करोड़ से अधिक पंजीकृत यूजर्स हैं और 50 लाख से अधिक कोर्सेज़ पूर्ण हो चुके हैं। 2025 के अंत तक शिक्षार्थियों की संख्या 1 लाख तक ले जाने के मिशन के साथ, सिद्ध देश के 505 जिलों में 5,000 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को एनरोल करके, समावेशिता को भी अपना रहा है। एआई-संचालित शिक्षा के लिए मेटा और हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग के लिए माइक्रोसॉफ्ट जैसी तकनीकी दिग्गजों के साथ संपर्क ने अनुभव को और समृद्ध बना दिया है।

**आर्थिक योगदान–**

एनएसडीसी की पहलों में कुछ रोचक आर्थिक योगदान हैं। संगठन ने आईटी और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 3.5% की वृद्धि का नेतृत्व किया है। अगले पांच वर्षों में, 2030 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था बनने के भारत के सपने को पूरा करने की महत्वाकांक्षा के साथ, यह उम्मीद है कि एनएसडीसी एआई और रोबोटिक्स के नए युग के क्षेत्रों में 5 मिलियन से अधिक नौकरियाँ पैदा करेगा।

इंडस्ट्री 4.0 टेक्नोलॉजी, जैसे ऑटोमेशन और मशीन लर्निंग से संबंधित उच्च-स्तरीय कोर्सेज़ पर ध्यान केंद्रित करना यह सुनिश्चित करता है कि ग्रेजुएट्स आज के उद्योग के लिए प्रासंगिक दक्षताएँ हासिल करें। अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी की स्थापना ने वैश्विक रोजगार क्षमता को बढ़ाने वाली उन्नत डिजिटल दक्षताओं में डबल सर्टिफिकेशन प्राप्त करना भी संभव बना दिया है।

**महिलाओं के लिए उद्यमिता कार्यक्रम–**

लैंगिक समानता और सशक्तिकरण के राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप, एनएसडीसी ने महिलाओं के नेतृत्व वाली उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए विशेष पहल की गई है। ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज



और एचडीएफसी बैंक जैसे बड़े संगठनों के साथ साझेदारी करते हुए, एनएसडीसी क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध सेल्फ-लर्निंग कोर्सेज़ के माध्यम से 2025 तक 10,000 महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

यह कार्यक्रम सबसे सफल उद्यमियों को वर्कशॉप तक पहुंच के लिए 10 लाख रुपए का ग्रांट और 150 करोड़ रुपए का वेंचर कैपिटल पूल प्रदान करता है। इन पहलों से 2040 तक लगभग 30 मिलियन महिला नेतृत्व वाले उद्यम तैयार होंगे, जो भारत की जीडीपी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा।

**प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना ( पीएमकेवीवाई ) और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा-**

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) स्टेम, एआई और रोबोटिक्स में विशेष कोर्सेज़ पर ध्यान केंद्रित करती है और इंडस्ट्री 4.0 की माँगों को पूरा करने के लिए कुशल कार्यबल के विकास का समर्थन करती है। पीएमकेवीवाई 4.0 (2022-2026) का लक्ष्य उद्योग-प्रासंगिक प्रशिक्षण के साथ 50 लाख से अधिक युवाओं को कुशल बनाना है। यह एआई, रोबोटिक्स और ड्रोन सहित विभिन्न क्षेत्रों में 429 जॉब रोल प्रदान करता है। आईआईटी, आईआईएम और इंडस्ट्री के साथ सहयोग करते हुए इसमें 'ड्रोन दीदी' जैसी पहल शामिल हैं। 12,000 करोड़ रुपए के बजट के साथ, यह भारत के कार्यबल को भविष्य के अवसरों के लिए सशक्त बनाता है। 30-घंटे के अपस्किलिंग प्रोग्राम के माध्यम से, एनएसडीसी ने 10,000 कंस्ट्रक्शन वर्कर्स को इजरायल में तैनात करने में मदद की है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि उनका प्रशिक्षण वैश्विक मानकों के अनुरूप है।

दूसरी ओर, पीएम विश्वकर्मा योजना लोहार, बढ़ई और कुम्हार जैसी 18 ट्रेड्स का समर्थन करते हुए पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करती है। 13,000 करोड़ रुपए के बजट के साथ, यह वित्तीय सहायता प्रदान करती है, जिसमें टूलकिट के लिए 15,000 रुपए और रियायती ब्याज दरों पर 3 लाख रुपए तक के कोलेटरल-फ्री लोन शामिल हैं। यह योजना भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए एडवांस कौशल प्रशिक्षण और बाजार तक पहुंच भी प्रदान करती है।

**स्किल इम्पैक्ट बॉन्ड ( एसआईबी ) फेज़ के परिणाम-**

स्किल इम्पैक्ट बॉन्ड पहल ने अपने पहले चरण में आशाजनक परिणाम दिखाए हैं, जिसमें महिलाओं और वंचित समुदायों पर विशेष जोर देते हुए विभिन्न राज्यों में लगभग 29,000 युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षण के बाद छह महीने के भीतर लगभग 70% की जॉब प्लेसमेंट दर के साथ, एसआईबी अगले दो वर्षों में रिन्यूएबल एनर्जी और ऑटोमेशन जैसे उच्च मांग वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त 50,000 युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए अपनी पहुंच का विस्तार करने के लिए तैयार है।




**कौशल विकास और सहयोग के माध्यम से एनएसडीसी एकेडमी का प्रभाव-**

2024 में, एनएसडीसी एकेडमी ने स्किल अप इंडिया 4.0 पहल के माध्यम से 30 लाख छात्रों तक पहुँचते हुए महत्वपूर्ण प्रगति की। इसने कर्नाटक और कोल्हापुर में फ्यूचर स्किल्स के लिए तीन सेन्टर्स स्थापित किए, जो एआई, डेटा एनालिटिक्स, एआर/वीआर और आईओटी में ग्लोबल सर्टिफिकेशन प्रदान करते हैं, जिसका उद्देश्य युवाओं को उच्च-गुणवत्ता, परिणाम-संचालित कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना और 2047 तक विकसित भारत के विज़न में योगदान देना है। एनएसडीसी एकेडमी ने आईआईटी रोपड़, मसाई स्कूल, आईआईएम सिरमौर और एथनोटेक एकेडमी जैसे प्रमुख संस्थानों के साथ महत्वपूर्ण सहयोग किया है, जिसके कारण एआई में माइनर, डिजिटल सप्लाई चेन में एडवांस मैनेजमेंट प्रोग्राम और एग्जीक्यूटिव पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम जैसे इनोवेटिव कार्यक्रम शुरू हुए हैं।

फिजिक्सवाला, आईआईएफटी, ओरियन डच और वेरांडा लर्निंग जैसे उद्योग के अग्रणी संस्थानों के साथ साझेदारी ने एआई, सप्लाई चेन मैनेजमेंट और अकाउंटिंग जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सर्टिफिकेशन शुरू किए हैं, जिससे शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को पाटने और शिक्षार्थियों को भविष्य के लिए तैयार कौशल से लैस करने में मदद मिली है।

**अंतर्राष्ट्रीय सहयोग-**

एनएसडीसी इंटरनेशनल ने विभिन्न पहलों के माध्यम से भारत के वैश्विक कार्यबल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इज़राइल में, एनएसडीसी ने पीएमकेवीवाई 4.0 स्पेशल प्रोजेक्ट के तहत 10,000 कंस्ट्रक्शन वर्कर्स की भर्ती की सुविधा प्रदान की है, जिनमें से 6,661 कर्मचारी पहले से ही तैनात हैं, जो रिकॉग्नाइजेशन ऑफ प्रायर लर्निंग और 30 घंटे के अपस्किलिंग प्रोग्राम पर केंद्रित हैं। इसके अतिरिक्त, एनएसडीसी ने 5,000 देखभालकर्ताओं (केयरगिवर) के लिए पीआईबीए के अनुरोध का जवाब दिया, जिसके परिणामस्वरूप 181 उम्मीदवारों का साक्षात्कार हुआ और दो कर्मचारियों को नौकरी पर रखा गया।

सऊदी अरब में एसवीपी कार्यक्रम ने 25,000 से अधिक उम्मीदवारों का मूल्यांकन किया, जिनमें से लगभग 24,000 को प्रमाणित किया गया, जिससे विदेशों में इंडियन ब्लू-कॉलर वर्कर्स की गुणवत्ता में योगदान मिला। एनएसडीसी भारतीय पेशेवरों की वैश्विक विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए विभिन्न सेन्टर्स में प्रशिक्षण, भाषा और डोमेन स्किल की पेशकश और एसईजी और क्यूएआई कार्यक्रमों जैसे इंटरनेशनल सर्टिफिकेशन को लागू करने पर भी ध्यान केंद्रित करता है। स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (सिद्ध) जैसी पहलों के माध्यम से, एनएसडीसी ग्लोबल स्किल हब बनने के भारत के लक्ष्य का सहयोग करते हुए सुरक्षित, नैतिक और कुशल अंतरराष्ट्रीय गतिशीलता सुनिश्चित करता है।

**राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना ( एनएपीएस )-**

एनएपीएस पहल में इस वर्ष उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। एनएपीएस 2.0 के तहत, इसकी स्थापना के बाद से 32.38 लाख से अधिक अपरेंटिस इसमें शामिल हो चुके हैं। यह योजना महिला भागीदारी को 2016-17 में 7.74% से बढ़ाकर 2023-24 में 20.77% तक बढ़ाकर लैंगिक समावेशिता को बढ़ावा देती है। अपरेंटिस को नियुक्त करने वाले प्रतिष्ठानों (इस्टैब्लिशमेंट) को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है, ताकि विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों पर ध्यान केंद्रित किया जा सके।

**ग्रीन जॉब्स और रिन्यूएबल एनर्जी इनिशिएटिव-**

हाल ही में लॉन्च किया गया जॉबएक्स प्लेटफॉर्म एचसीएलटेक जैसी कंपनियों के साथ साझेदारी के माध्यम से स्किल-बेस्ड हायरिंग की सुविधा प्रदान करते हुए जॉब वैकेंसी को एकत्रित करता है। इस प्लेटफ़ॉर्म का उद्देश्य कुशल व्यक्तियों तक इम्प्लॉयर की पहुंच को बढ़ाते हुए उम्मीदवारों के लिए जॉब सर्च प्रोसेस को सुव्यवस्थित करना है। जॉब फेयर ने संभावित कर्मचारियों को इम्प्लॉइज से सीधे जुड़ने में मदद की है। हाल की घटनाओं में हजारों प्रतिभागियों को विभिन्न सेक्टर्स की विभिन्न कंपनियों के साथ जुड़ते देखा गया, जिनमें महत्वपूर्ण जॉब प्लेसमेंट के साथ आईटी और हेल्थकेयर शामिल हैं। तत्काल रोजगार की पेशकश के अलावा, ये मेले प्रतिभागियों को आवश्यक जॉब रेडीनेस स्किल्स भी प्रदान करते हैं।

2030 तक तीन मिलियन ग्रीन जॉब सृजित करने के लक्ष्य के साथ, एनएसडीसी सोलर और विंड एनर्जी जैसे रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर्स में कौशल विकास को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है। अकेले इस वर्ष, भारत के महत्वाकांक्षी रिन्यूएबल एनर्जी टारगेट का सहयोग करने के उद्देश्य से विभिन्न कौशल विकास पहलों के तहत 2.3 लाख से अधिक तकनीशियनों को प्रशिक्षित किया गया। ये कार्यक्रम रोजगार सृजन में योगदान देते हैं और 2070 तक नेट-जीरो कार्बन एमिशन प्राप्त करने की भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप हैं।

2024 में एनएसडीसी की गतिविधियों से यह स्पष्ट है कि संगठन ने भारत के स्किल डेवलपमेंट लैंडस्केप को बेहतर बनाने की दिशा में जबरदस्त प्रगति की है। महिला उद्यमियों और वरिष्ठ नागरिकों सहित विविध जनसांख्यिकी के उद्देश्य से इनोवेटिव कार्यक्रमों के साथ, एनएसडीसी वर्तमान रोजगार चुनौतियों पर काम कर रहा है और भविष्य की मांगों के लिए भारत के कार्यबल को तैयार कर रहा है। इस गति को कायम रखने के लिए इमर्जिंग टेक्नोलॉजी, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और समावेशी प्रथाओं पर निरंतर जोर देने की आवश्यकता होगी, जबकि भारत इस दशक के अंत तक कुशल श्रम में दुनिया का अग्रणी बनने की आकांक्षा रखता है।



LUB' National General Secretary Shri Om Prakash Gupta discussed with Coordinator, BITS TEC Pilani Prof. Deepak Chitkara on Areas for Mutual Interests, Cooperation and Formal MoU with Institution of Eminence BITS, Pilani and LUB. On this occasion, Co-Editor Udyog Times Dr. Sanjay Mishra and Chief Operating Officer, BITS Technology Enabling Centre (TEC) Dr. Ms. Bhavisha P. Sheth were present in the Meeting during Rising Rajasthan Global Investment Summit on 10th December, 2024.

# सोहन सिंह स्मृति कौशल विकास केंद्र का भव्य लोकार्पण

# एलयूबी ने की राजस्थान में कौशल युग की नयी शुरुआत


**(सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के अखिल भारतीय संगठन लघु उद्योग भारती द्वारा जयपुर में निर्मित ये देशभर में निजी क्षेत्र में संचालित सबसे बड़ा स्किल सेंटर है)**




11 दिसम्बर, 2024 को देश के सबसे बड़े कौशल विकास केंद्र का लोकार्पण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मा. सह सरकार्यवाह श्री (डॉ.) कृष्णगोपालजी, भारत के मा. उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ एवं राजस्थान सरकार के उद्योग एवं कौशल विकास मंत्री कर्नल श्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्री प्रकाश चंद्र जी की प्रेरणा से राष्ट्र-हित में अपना जीवन समर्पित करने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक स्व. श्री सोहन सिंह जी की पावन स्मृति में करीब 35 करोड़ रुपये की लागत से जयपुर में इस स्किल सेंटर का निर्माण किया गया।

स्व. श्री सोहनसिंह जी का जन्म 18 अक्टूबर, 1923 को उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के हर्चना गांव में हुआ। वर्ष 1943 में उनका चयन वायुसेना में किया गया, लेकिन उन्होंने सरकारी नौकरी के बजाय राष्ट्र-निर्माण को प्राथमिकता दी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में राष्ट्र सेवा का करियर चुना। वे संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अलावा कई महत्वपूर्ण दायित्वों पर रहे। लेकिन 2004 में अत्यंत खराब स्वास्थ्य के कारण संघ परिवार की ओर से उन्हें दायित्व मुक्त रखा गया।



## भारतीय चिंतन पर आधारित आर्थिक विकास का मॉडल ही स्वीकार्य



कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मा. सह सरकार्यवाह श्री (डॉ.) कृष्णगोपाल जी ने कहा कि किसी विशेष कारण से अगर किसी परिवार के बच्चे दसवीं या बारहवीं से अधिक नहीं पढ़ पाए, तो उनके लिए आगे बढ़ने के सारे रास्ते ही बंद हो जाते हैं। ऐसे बच्चे बहुत ही मामूली से वेतन पर अपने परिवार को छोड़कर अन्य राज्यों में आजीविका के लिए संघर्ष करते हैं। आईआईटी और एनआईटी से परे भी बहुत कुछ है जो हमारे युवा संसाधन के लिए सम्बल प्रदान करने वाला है।

उन्होंने कहा कि एक ऐसा भी समय था जब भारत का वैश्विक जीडीपी में करीब 30 फीसद तक योगदान रहा, लेकिन अंग्रेजों ने हमारे सूक्ष्म और कुटीर उद्योग धंधों को योजनापूर्वक ख़त्म कर दिया और उसी का परिणाम है कि हम आज सिर्फ दो फीसद पर आ गए।

डॉ. कृष्णगोपाल जी ने कहा कि हमारी प्रकृति, नदियों और भूमिगत जल को निरंतर प्रदूषित किया जा रहा है, उसे रोकना होगा।

उन्होंने कहा कि भारतीय चिंतन पर आधारित आर्थिक विकास का मॉडल ही स्वीकार्य होगा। जर्मनी और अमेरिका का आर्थिक मॉडल यहां लागू नहीं किया जा सकता।

## ज्ञान और कौशल के भरोसे ही विकसित भारत का संकल्प होगा सार्थक

उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने कहा कि कौशल से व्यक्ति को



सामर्थ्य और सम्मान दोनों ही मिलते हैं। विकसित भारत का रास्ता ग्रामीण परिवेश, लघु उद्योग और ऐसे कौशल केंद्रों से जाता है। विकसित भारत के मार्ग में जो चुनौती है, वह हमारी प्रति व्यक्ति आय है जिसमें आठ गुना बढ़ोतरी होना आवश्यक है। आज भारत जल, थल, आकाश और अंतरिक्ष में बड़ी छलांग लगा रहा है। संस्थागत ढांचा विश्व स्तरीय बन रहा है।

श्री धनखड़ ने कहा कि हम राष्ट्रवाद के साथ कभी समझौता नहीं कर सकते। और उस राष्ट्रवाद में निहित है कि देश का हर व्यक्ति अपने आप को समृद्ध और सुखी पाये और यह तभी संभव है, जब हमारा सोच कुटीर और ग्रामीण उद्योगों पर जाए।

श्री धनखड़ ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कौशल और नवाचार दोनों पर ध्यान दिया गया है क्योंकि सिर्फ डिग्री से कुछ हासिल नहीं होता। यदि आप किसी भी काम में कौशल रखते हैं, तो आप समाज के विकास में बहुत बड़ा योगदान करते हैं। उन्होंने कहा कि देश से कच्चा माल बाहर क्यों जाए, क्यों नहीं उसके लिए यहां प्रोसेसिंग यूनिट्स स्थापित हों। साथ ही उन्होंने जलवायु परिवर्तन और वोकल फॉर लोकल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी प्रकाश डाला।

**लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री घनश्याम ओझा** ने संगठन की तीन दशकों की यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया



कि यह कौशल केंद्र नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनएसडीसी), नई दिल्ली के सहयोग से युवाओं की आकांक्षाओं और उद्योग की मांगों के बीच दूरी को मिटाने के लिए तैयार है, जिससे राजस्थान के युवाओं को नवाचार, रोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर किया जा सके।

**लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्री प्रकाश चंद्र जी** इस केंद्र को संगठन की उद्योग-हित से राष्ट्र-हित की यात्रा में एक स्वर्णिम अध्याय मानते हैं। उनका विश्वास है कि इस केंद्र से देशभर का वंचित एवं कमजोर वर्ग का युवा विविध कौशल में दक्ष होकर अपने जीवन को नई दिशा देने में समर्थ हो सकेगा।

**एलयूबी राष्ट्रीय महासचिव श्री ओमप्रकाश गुप्ता** का कहना है कि देशभर में बहुत बड़ा स्किल गैप है। इंडस्ट्री को स्किल्ड मैन फोर्स की पूर्ति करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इस केंद्र में नए दौर के अन्य स्किल मॉड्यूल पर भी कार्य किया जाएगा।

**युवा उद्यमी और राष्ट्रीय सचिव श्री नरेश पारीक** ने बताया कि आईआईएम मुंबई के साथ एमओयू होने से यहाँ के सभी पाठ्यक्रमों की अधिक वैल्यू होगी। केन्द्र में सामान्य शुल्क पर कौशल प्रशिक्षण के जरिये सर्व-सामान्य को राष्ट्र के विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जायेगा।

**एलयूबी प्रदेश अध्यक्ष श्री शांतिलाल बालड़** बताते हैं कि जयपुर में इस केंद्र के लोकार्पण के दो दिन बाद ही 13 दिसंबर को जोधपुर में स्किल सेंटर का उद्घाटन किया गया, जो ये दर्शाता है कि संगठन ने अपने सामयिक दायित्व को समझते हुए कौशल विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

**केंद्र के समन्वयक श्री महेंद्र खुराना** ने जानकारी दी कि कौशल केंद्र में इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित किया गया है, इसके साथ ही फाइनेंस एवं अकाउंटिंग, एपैरल एवं फैशन, स्टार्टअप एंटरप्रेन्योरशिप, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, डिजिटल मार्केटिंग, ड्रोन संचालन, ईवी मेंटेनेंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और हैंडीक्राफ्ट आदि विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इस कौशल केंद्र के निर्माण से जुड़े **वरिष्ठ उद्यमी एवं एलयूबी प्रदेश उपाध्यक्ष श्री नटवरलाल अजमेरा** ने बताया कि 1 लाख 25 हजार वर्ग फीट में जोधपुरी पत्थर से निर्मित ये भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है। भूमिगत एवं सात तल के कौशल प्रशिक्षण केन्द्र के साथ ही प्रशिक्षणार्थियों हेतु दस तल के विश्राम गृह की सुविधा भी है।

भव्य लोकार्पण के अवसर पर अतिथियों ने नवनिर्मित भवन की नाम पट्टिका का अनावरण करने के साथ शुभ माने जाने वाले अशोक के वृक्षों का पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रदेश के जन प्रतिनिधि और उद्यमी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं संगठन में राष्ट्रीय स्तर पर गठित बीमा तथा इंश्योरेंस आयाम संयोजक श्री योगेश गौतम और जयपुर अंचल की सचिव सुश्री सुनीता शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। ☐☐☐



# Skill-Based Education in India and Its Future



**New Path**

**Prof. Vivek Bhandari**
*Vice Chancellor*
*Bharatiya Skill Development University, Jaipur*

**Skill-based** education refers to the development of practical skills through hands-on learning, as opposed to traditional academic learning that primarily focuses on theoretical knowledge. In India, where the gap between education and employment often arises due to the lack of job-ready skills, skill-based education has gained significant attention. As the country moves towards a more diverse economy with a growing demand for a skilled workforce, this approach is seen as a crucial solution to addressing unemployment and underemployment.

## Current Scenario of Skill-Based Education in India

India has long had a system of education that emphasizes theoretical knowledge, often leaving students ill-prepared for the demands of the job market. The country has a young population, with over 65% of its population under the age of 35, which presents both opportunities and challenges. While there is immense potential in this demographic, many young people lack the skills required by industries. According to reports, nearly 60% of India's graduates are deemed unemployable due to a lack of practical skills.

In response, skill-based education initiatives are being introduced to bridge this gap. Vocational training, apprenticeships, and courses aligned with industry needs are becoming increasingly popular. Institutions like the National Skill Development Corporation (NSDC), Pradhan Mantri Kaushal Vikas Yojana (PMKVY), and Skill India Mission have been instrumental in promoting skill-based education. The focus areas include sectors such as manufacturing, healthcare, and information technology, which have seen a surge in demand for skilled workers.

**"India's strength lies in its huge human resource. However, if devoid of proper skill, the manpower shall not be able to contribute to its full potential. some European countries especially Switzerland, Germany, Austria etc. moved much ahead of India in terms of economic development and employment opportunities due to their superior policies and effective implementation of skill training in these countries. This realization inspired and motivated us to establish BSDU at Jaipur based on the 'Swiss Dual System' of Skills Training."**

**Ursula Joshi, Chairperson, BSDU**

**Run by Rajendra & Ursula Joshi Charitable Trust, Switzerland**



Bhartiya Skill Development University (BSDU) is a pioneering Indian University to offer skill-based programs based on the Swiss Dual System, the world's finest vocational education ecosystem. BSDU fosters a dynamic synergy between academia and industry, and imparts hands-on learning to its students to excel in the real-world environment.

Additionally, the government has also recognized the importance of skill development, with a range of policies and initiatives aimed at improving the employability of the youth.

## Challenges in Implementing Skill-Based Education

Despite the growing emphasis on skill-based education, several challenges persist. One of the primary issues is the societal mindset that prioritizes academic degrees over vocational training. Traditional education is often viewed as more prestigious, leading to a reluctance among students and parents to pursue vocational courses.

Furthermore, there is a lack of quality infrastructure in vocational training centers and a mismatch between the skills taught and industry needs. Many training programs do not update their curriculum in line with technological advancements, rendering them outdated. This is especially true in rapidly evolving fields such as IT and digital technologies.

Another challenge is the lack of collaboration between educational institutions and industries. Without input from employers, skill training programs may fail to equip students with the specific competencies that employers seek. Moreover, many industries are hesitant to invest in training programs due to concerns over the return on investment.

## The Future of Skill-Based Education in India

The future of skill-based education in India looks promising, with several trends indicating its potential growth. As the economy becomes increasingly digital, there is a strong need for skills in areas like manufacturing, wood working, hospitality, facility management, artificial intelligence, data analytics, machine learning, and cybersecurity. These fields are expected to drive job creation, and skill-based education can help fill the talent gap.




One of the key developments is the integration of digital platforms into skill development. Online learning platforms like Coursera, Udemy, and LinkedIn Learning are providing affordable and accessible courses that enable individuals to acquire new skills at their own pace. These platforms are becoming more popular in India, particularly after the pandemic, which saw a shift towards online education. Additionally, industry collaborations with educational institutions can foster programs that are better aligned with the needs of the job market.

Furthermore, as India moves towards becoming a global hub for start-ups and entrepreneurship, there will be an increasing demand for practical skills in management, design, and marketing. The government and private sector are expected to continue to expand investment in skill development programs, especially in tier-2 and tier-3 cities, to ensure that skill training is available to all.

## Conclusion

Skill-based education is critical for India's future. It holds the potential to empower millions of youth by providing them with the skills necessary to thrive in the job market. However, for it to be truly effective, challenges such as societal mindset, quality infrastructure, and industry collaboration must be addressed. With the right investments and policies, skill-based education can play a pivotal role in shaping India's workforce and driving economic growth. As technology advances, the demand for skilled professionals will only grow, making skill-based education an essential element of the country's development.

# Skill Development: A Roadmap for Self-Reliant New India



**Dr. Dev Swarup**

Vice-Chancellor, Vishvakarma Skills University, Jaipur

Vice-Chancellor, Baba Amte Divyang University, Jaipur

Former Additional Secretary, University Grants Commission, New Delhi

Former Vice Chancellor, University of Rajasthan, Jaipur

Former Vice Chancellor, Dr. Bhimrao Ambedkar Law University, Jaipur


**India,** with its vast youth population, stands on the cusp of a transformative era. The vision of "Atmanirbhar Bharat" (Self-Reliant India) hinges on the empowerment of its workforce through skill development. Rajasthan, with its vibrant culture, entrepreneurial legacy, and demographic advantage, is poised to lead this revolution. At the forefront of this transformative journey is Vishvakarma Skills University, Jaipur, a pioneering institution committed to equipping youth with skills that align with global and local demands.

**Vishvakarma Skills University, Jaipur: A Center for Excellence**

Vishvakarma Skill University, Jaipur, formerly known as Rajasthan ILD Skills University, is a beacon of innovation and excellence in skill-based education. In the recent past the university administration has redefined the paradigm of skill development by seamlessly blending academic rigor with practical training.

**Key Contributions of Vishvakarma Skills University, Jaipur:**

**1.Industry-Focused Education:** The university offers programs co-created with industry experts, ensuring students are equipped with practical skills and job readiness in sectors like IT, hospitality, renewable energy, and advanced manufacturing.



**2. Preserving Traditional Skills:** Rajasthan's rich cultural heritage is a cornerstone of the university's programs. By modernizing traditional crafts and integrating them into global markets, the institution ensures the survival and growth of these art forms.

**3. State-of-the-Art Facilities:** Equipped with modern labs, skill development centers, and digital classrooms, the university provides a holistic learning experience to the students through it affiliating institutions.

**4.Promoting Entrepreneurship:** The university encourages entrepreneurial thinking through incubation centers and mentoring programs, empowering students to become self-reliant job creators.

**5. Inclusive Approach:** With a focus on rural outreach, marginalized communities, and women, the university ensures that skill development opportunities are accessible to all.

**Rajasthan: A Hub for Skill Development**

Rajasthan's inherent strengths in tourism, handicrafts, agriculture, and renewable energy present unique opportunities for skill enhancement. Vishvakarma Skills University, Jaipur is uniquely positioned to capitalize on these opportunities:

- **Tourism and Hospitality:** Rajasthan, with its heritage and hospitality industry, offers an ideal platform for training professionals in global tourism standards.
- **Traditional Artisanship:** Training in crafts like blue pottery, textiles, and jewelry-making ensures

that these traditional skills are preserved while meeting contemporary market demands.

- **Agriculture and Agri-Tech:** By integrating modern agricultural practices with traditional knowledge, the university empowers rural communities with sustainable solutions.
- **Renewable Energy:** Rajasthan's abundant solar and wind energy potential demands skilled workers in green energy technologies, a focus area for the university.

**Leveraging Technology for Skilling**

Technology is at the heart of the modern skill development ecosystem. The university integrates tools like Artificial Intelligence (AI), Virtual Reality (VR), and e-learning platforms to provide students with cutting-edge training. This ensures that education remains accessible, inclusive, and future-ready.

Through strategic collaborations with industries and government initiatives, Vishvakarma Skills University bridges the gap between education and employment, aligning with the aspirations of Rajasthan's youth.

**Vision for Self-Reliant Rajasthan**

The Vishvakarma Skills University, Jaipur, envisions a Rajasthan where every individual is empowered with the skills and confidence to succeed. The path forward involves:

- Customized Training Programs: Programs tailored to meet the evolving needs of industries.
- Green and Sustainable Jobs: Focus on skills in renewable energy, sustainable agriculture, and eco-friendly industries.
- Inclusive Skilling Initiatives: Prioritizing marginalized groups, women, and rural communities.
- Entrepreneurship Development: Promoting innovation and startups to drive job creation.

**Conclusion**

Skill development is more than just a pathway to employment-it is the foundation of a self-reliant nation. Vishvakarma Skills University, Jaipur, is committed to this mission. By fostering innovation, inclusivity, and excellence in skilling, the university is a key contributor to the vision of "Atmanirbhar Bharat."

Together, let us create a future where every individual is equipped with the skills to realize their potential, contribute to society, and drive India toward global leadership.









# Agriculture & Skill Development: Driving Sustainable Growth



**Wide Angle**

**Prof. Arun Kumar**
*Vice Chancellor, Swami Keshwanand Rajasthan Agriculture University, Bikaner (Raj.)*

Agriculture has long been the backbone of economies worldwide, providing food, raw materials, and employment to a significant portion of the global population. However, the sector faces challenges like climate change, technological disruption, and population growth, necessitating a transformative approach to ensure its sustainability and productivity. One such approach is the integration of skill development in agriculture to empower farmers, enhance efficiency, and drive innovation.

Importance of Agriculture in the Global Economy

Agriculture remains a cornerstone of development, especially in countries where a substantial percentage of the population depends on it for their livelihood. It contributes to food security, economic stability, and rural development. However, traditional farming practices often lack the efficiency, sustainability, and adaptability needed to address modern challenges. This is where skill development plays a crucial role, bridging the gap between traditional methods and modern agricultural needs.

The Role of Skill Development in Agriculture

Skill development encompasses training and education that equips individuals with the knowledge, techniques, and tools to improve productivity and sustainability.

Here are some major skills required which start from digitalization in agriculture to financing the digital transformation of the agriculture business. Some of the major points are as follows:

**1. Digital Literacy**

The rise of smart farming and agri-tech solutions requires farmers to understand and use technology effectively. Digital platforms for weather forecasting, market analysis, and crop monitoring can revolutionize farming practices. Social media education for




farmers to use the social media platforms to share knowledge, market products, and connect with agricultural networks.

**2. Modern Farming Techniques**

Precision agriculture, utilizing GPS and drones, enhances decision-making and resource efficiency. Hydroponics and aqua-ponics teach sustainable farming methods, while automation and smart farming tools streamline operations. Crop rotation, soil health management, and integrated pest control improve environmental stewardship. Training in data analysis for crop monitoring and yield prediction develops technical expertise. Access to online platforms, mobile apps, and e-learning fosters continuous knowledge enhancement.

**3. Entrepreneurship**

Skill development in entrepreneurship can help farmers diversify income sources. Agribusiness training enables them to explore value-added products, engage in direct-to-consumer sales, or establish cooperatives. In addition to supporting traditional farming practices, skill development programs can encourage entrepreneurship and agribusiness innovation, job assistance to youth, it supports rural youth in finding employment in agricultural and allied sectors, reducing migration and boosting rural economies. Appointment of trainer for skill development trainings deploys experienced trainers to guide farmers and villagers, ensuring the effective delivery of skill development programs.

**4. Post-Harvest Management**

Proper training in storage, transportation, and processing can reduce post-harvest losses, ensuring farmers earn maximum value for their produce. Educating farmers and agricultural workers on the proper techniques for harvesting, storage, and processing is essential to minimize these losses. Additionally, training in value-added products, such as turning raw agricultural produce into processed food items, can significantly increase the profitability of agricultural enterprises. Skill development in this area can lead to new business opportunities and improved market access for small-scale farmers. Setup Common Service Center (CSC) for rural communities to access digital services to gain knowledge for the management of farming resources.

**5. Climate-Resilient Practices**

Programs focusing on climate-resilient crops, agroforestry, and soil conservation techniques can mitigate the adverse effects of climate change. Training in organic farming, agroforestry, conservation tillage, and integrated pest management (IPM) equips farmers with the knowledge and skills to preserve the environment while maintaining productivity. This shift toward sustainable practices not only benefits the environment but also aligns with growing consumer demand for eco-friendly and ethically produced agricultural products. Training/Certification Programs for Farmers & Villagers offers skill development courses to enhance knowledge in sustainable farming, crop management, and modern techniques. Provide Awareness about Organic Farming to educates farmers on organic practices, promoting environmentally friendly and healthy agricultural production methods.

Strategies for Effective Skill Development in Agriculture

Effective skill development in agriculture requires improving access to technology through infrastructure investments and public-private partnerships. Enhancing digital and technical literacy equips farmers to adapt to innovations. Engaging communities helps address cultural and social barriers, fostering acceptance of modern practices. Clear regulations and scaled government support provide a stable framework for growth. Prioritizing smallholder farmers ensures inclusivity, while addressing climate challenges and resource limitations strengthens resilience in the agricultural workforce.

Strategies to overcome challenges related to digital transformation, particularly within a context relevant to agriculture or related sectors. These strategies include:

Improving infrastructure and public-private partnerships- Ensuring access to necessary technology and networks through collaborative investment and planning.

Improving literacy in technology- Equipping individuals, including farmers, with the knowledge and skills to effectively use digital tools trainings are conducted timely by extension workers.

Engaging with communities and addressing cultural and social obstacles- Creating strategies that respect local practices while introducing innovations.

Creating regulations that are unambiguous- Establishing clear guidelines to enable smooth adoption and use of digital solutions at farm level.

Scaling government support- Enhancing policy frameworks and financial backing for digital initiatives which are helpful for farmers to enhance their income.

Placing more emphasis on smallholder farmers- Ensuring that smaller, resource-limited producers are prioritized for inclusion in digital advancements.

**Government and Institutional Support for Skill Development**

- Pradhan Mantri Kaushal Vikas Yojana (PMKVY): A flagship program aimed at providing industry-relevant skill training to youth, enhancing their employability.
- Jan Shikshan Sansthan (JSS): Focuses on voca-



tional training for non-literates, neo-literates, and school dropouts, particularly in rural areas, to improve livelihood opportunities.

- National Apprenticeship Promotion Scheme (NAPS): Encourages employers to engage apprentices by providing financial incentives, aiming to create a skilled workforce aligned with industry needs.
- Craftsman Training Scheme (CTS): Implemented through Industrial Training Institutes (ITIs), this scheme offers training in various trades to develop skilled craftsmen.
- Skill India Digital Hub (SIDH): An online platform offering free courses and resources across sectors like IT, digital marketing, coding, and artificial intelligence, facilitating upskilling and reskilling.
- Namo Drone Didi Scheme: Launched in November 2023, this initiative empowers rural women by providing agricultural drones and training them as drone pilots for agricultural applications.

**Challenges and Barriers to Skill Development in Agriculture**


Skill development in agriculture faces several challenges and barriers. Climate change disrupts traditional farming practices, requiring new skills for adaptation. Technological advancements create opportunities but are often inaccessible to farmers due to limited infrastructure and digital literacy. Youth migration from rural to urban areas reduces the agricultural workforce and knowledge transfer. Resource scarcity, including water, arable land, and finances, hampers effective training. Cultural resistance to adopting modern techniques further slows progress, while unclear regulations and inadequate government support create uncertainty. Addressing these barriers is crucial to empowering farmers with the skills needed for sustainable and productive agricultural practices.

**Conclusion**

Agriculture, with its deep roots in the global economy, is undergoing a transformation that requires skill development at all levels. As the world faces challenges such as climate change, resource scarcity, and the need for sustainable practices, agricultural skill development becomes a key factor in fostering innovation, improving productivity, and ensuring food security. By investing in education and training for farmers and agricultural workers, we can ensure that the agricultural sector remains resilient, competitive, and sustainable.



# Women Empowerment: Need, Nature & Nurture



**Insight**

**Shobha Prakash Dhanwatay**
*Noted Corporate Trainer*
*Life Member- FoF, ICCR, Ministry of External Affairs, New Delhi*
*sdhanwatay@gmail.com*

Indian women are naturally powerful and know their rights. Women empowerment factor has been relevant from ancient times. Hinduism has great examples of empowered women. Ahalya, Sita, Mandodari, Draupadi and Tara are known as the Panchkanya who are regarded as ideal women, already empowered with virtues like self-respect, honor, wisdom, self-protection, and an opportunity to stand up to themselves in times of need.The practice of swayamvar, which has been read about in Ramayana and Mahabharata, (the right to select one's husband) itself is an epitome of empowerment. Maa Durga herself is considered as personification of Shakti, Dhairya and Courage.

There are a few like Gargi, Lopamudra, Himavati, Gautami, Uma, and others who were learned enough to fight and defeat men with their skills and intellect. Women in ancient times also participated in debates and decision making. Instances can be seen in our Vedic texts. Further, women then, married for love to the man of their choice and Gandharva style of marriage, that is without informing and taking permission from parents, also existed.In chapter 47 of Mahabharata, as Yudhishthira seeks guidance on Dharma from Bhishma, the Anushasana Parva compares the value of daughter to a son, as follows, The daughter, O king, has been ordained in the scriptures to be equal to the son.-?Bhishma, Anushasana Parva, Mahabharata Similar instances and examples also existed in the Medieval history and subsequent ages as well. In modern times, Mahatma Gandhi also spoke about and encouraged the women empowerment for the betterment of society and nation.In view of the above, the culture of women empowerment is nothing new., it has existed since eons. However, the western countries have been emphasizing it more and more since some time, due to many factors like social unrest, political imbalance, religious displeasure, global cross culture, and financial drain of resoures.

Therefore, the subject of women empowerment has gained popularity and is spreading its wings worldwide. Let's see what modern times women empowerment is all about, and what is needed, what is lacking and what should be done for skilling women to empower them.

**Empowerment:**

1. Is women who advocate themselves for equity, diversity and inclusion, empowerment?
2. Is examining the role of women in creating and enhancing the culture of a society or that of an organisation, empowerment?
3. Is extending support to the professional growth of women from diverse backgrounds and at every stage in their careers, empowerment?
4. Is encouraging and complementing 'Women Owned Business', eliminating bias and discrimination from their lives and workplaces, empowerment?
5. Is building such a working environment or a work place, which reflects our diversity and brings every talent together from all walks of life, irrespective of gender, empowerment?

All of them above. Competing & navigating the above in diverse industries that include manufacturing, consumer goods, real estate, healthcare, services industry, HR/Consultation, PR & Communication, and every other industry that deals or caters to public demand and need. Present day women empowerment sees equal opportunities by implementing diverse hiring practices, drafting fair parental leave policies, introducing supportive professional development programs like skill-building opportunities, networking and career advancement initiatives, mentorship programs, equal pay under transparency and negotiations, leadership and progress measuring processes and zero tolerance. However, we see the change and development in the organised sector only. The unorganised sector still remains controlled, particularly the women for whom there have been hundreds of programs and skill development initiatives launched with special benefits like funding for their growth and empowerment by way of state and central government interventions and also by the private sector under the CSR programs. Just providing the opportunities and resources is just not sufficient. It is becoming a mandatory responsibility for the opportunity providers to see and ensure that they are all sufficiently skilled and certified to fit themselves into the door to "Empowerment".

**Skills & Women Empowerment:**

1. **Technical Skills:** Education, subject know how, knowledge application
2. **Professional /Job Skills/Employability Skills:** Communication, Creativity, Critical & Analytical thinking, Leadership, Team Management, Time Management & Emotional thinking, work ethics and many others.
3. **Soft Skills:** Communication-Speaking & Listening, Understanding, Interpersonal, Enthusiasm & Empathy, Negotiating, Networking, Resourcefulness, Social & Emotional Intelligence.
4. **Personal Skills:** Communication & Collaboration, Problem Solving & Conflict Resolution, Anticipatory, Adaptability & Diplomacy

Are women clear of disparity and discrimination in existing educational and training frameworks to make them industry ready to empower themselves? Are the opportunities offered to them sufficient?

**Skills Gap, Demand & Supply**

IMARCS's data shows that the India Soft Skills training market was valued at US$ 654.5 million in 2023 and they also expect the India soft skills training market to exhibit a CAGR (compound annual growth) of 10.4% during 2024-2032. While the Global Skills Gaps Measurement and Monitoring Report of ILO 2023 indicates 47% of Indian workers, especially 62% of females are under qualified for their jobs. Also, the World Economic Forum (WEF) report emphasises the need to address and bridge the skills gap in our country's workforce. The report further shows out of the 13 million people who join the workforce every year, only 1/4th of the management professionals, 1/5th of the engineers, and 1/10th of the graduates are employable.

As it can be seen from the above figures there in extraordinary demand for skilled workers. However, the experts in the skills industry are of the opinion that the skill gap and employability mismatch attributes to India's education system that needs immediate reformation to bridge the gap. Ministry of Skill Development and Entrepreneurship has introduced various training schemes and programs under the Skill India Mission with a fund generation of Rs.15192.79 crore out of which Rs. 12,850 crore has been allocated during last 5 years. Data is available at www.pib.gov.in Yet the gap exists!

Surprisingly however, are the above-mentioned skills the only requirement for women empowerment? Now let's do a SWOT analysis

Strengths: Young India, has a strategic advantage of the highest young population that can address the demand & supply of workforce, globally. India's skills landscape shows women are marching forward in every field of education, vocational training, and entrepreneurship, leaving their counterparts behind. It is that one personal skill that is driving more and more women to aim for the summit. It is nothing but determination. Once again it is a personal attribute.

Weakness: There is a brain drain happening in India. The educated are looking for better opportunities, globally. The power to retain the young in the country is lacking. Several efforts are being put to skill the unskilled, but no efforts are being put to polish them further and retain. Government of India is weak in this area.

Opportunities: Sky is the limit for young India if properly captured and steered.

**Threats:** Disparity & Discrimination, Improper Outreach, Corruption, Middlemen Agencies, Teacher & Trainer Resources, Infrastructure, and Implementation & Development are a few threats that need to be tackled.

**Observations:** Women are bestowed with the natural quality of empowerment. It is genetic, mostly. They are born with such resourceful characteristics that can make them eligible, adaptable, presentable, and capable of harvesting and harnessing great opportunities that can take them to the road to empowerment. Identifying them is a must.

**Recommendations:** Eligibility, Adaptability, Preventability, Capability are a few more that also fall into the skills jargon. Emphasis should be based on a individual's talent & skills and such individuals should be categorised according to their interests to develop those inherent skills to bridge the skill gap. Presently, skills are targeted on the basis of market demand. However, it is recommended that the first initiative should be to evaluate oneself, work on improving that interest, get trained to excel in the same first, and then undergo the transition phase of skills development programs to make oneself employable, bridge the gap and cater to the demand.

None of the skills development schemes are catering to individual talent first and then the demand and supply fulfilment. There is a wide gap here too, which should also be seriously addressed. There is a Need to investigate the Nature of the Talent and then Nurture it. This is the key to Women Empowerment! □□□

## राइजिंग राजस्थान एमएसएमई कॉन्क्लेव का सफल आयोजन

# लघु उद्यमियों के कुंभ में रहा प्रदेश का संपूर्ण प्रतिनिधित्व



सामयिक

*डॉ. संजय मिश्र*
*को-एडिटर, उद्योग टाइम्स*
dr.sanjay.jpr@gmail.com

**राइजिंग** राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में रिकॉर्ड 35 लाख करोड़ के एमओयू होने के बाद प्रदेश की सरकार का कॉन्फिडेंस लेवल अप हो गया है। 9 दिसंबर, 2024 को आयोजन के उद्घाटन सत्र में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का भाषण काफी चर्चा में रहा जिसमें उन्होंने देसी और विदेशी निवेशकों को राजस्थान की वो सारी खूबियां बताई जो सीधे तौर पर निवेश के लिए आकर्षित करती हैं। उन्होंने राष्ट्र के गौरव को बढ़ाने वाली प्रदेश के अदम्य साहस और पराक्रम की गाथा से लेकर प्रवासी उद्यमियों के जीवठ एवं उद्यम कौशल तथा  यहां के पर्यटन, संस्कृति और प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों के बारे में सिलसिलेवार जानकारी दी। प्रधानमंत्री का उद्बोधन निश्चित तौर पर निवेशकों को उत्साहित करने वाला था, साथ ही अप्रत्यक्ष रूप से वो सुरक्षित निवेश के लिए गारंटी भी थी।

**प्रवासी विभाग के गठन की घोषणा :** आयोजन के दूसरे दिन प्रवासी कॉन्क्लेव में राजस्थानी उद्यमियों से कनेक्ट करने की कोशिश भी की गई जिससे वे अपनी मातृभूमि पर भी निवेश के लिए मन बनायें। प्रवासी राजस्थानियों को राजस्थान में कारोबार करने में कोई परेशानी नहीं आए, इसके लिए सरकार 'प्रवासी विभाग' बनाएगी। साथ ही राजस्थान में उनके परिवारों की समस्याओं के तुरंत निस्तारण के लिए हर जिले में सिंगल पॉइंट कॉन्टेक्ट की स्थापना होगी। यह घोषणा मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने की। सीएम ने कहा कि हर साल 10 दिसंबर को 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' मनाया जाएगा। इसमें प्रवासी राजस्थानी सम्मान भी दिया जाएगा।

सीएम ने प्रवासी राजस्थानियों से अपील की है कि वे राज्य के विकास में भागीदार बनें। मातृभूमि में निवेश कर आने वाली पीढ़ी के जुड़ाव को मजबूत करें। समिट में राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े ने प्रवासियों से अपील की कि प्रवासी राजस्थानियों पर




राजस्थान का अधिकार है। वे यहां आएं और मातृभूमि का ऋण चुकाने के लिए निवेश करें। महाराष्ट्र में कहावत है 'जहां न पहुंचे बैलगाड़ी, वहां पहुंचे मारवाड़ी'। राजस्थानी जहां गए हैं, वहां अच्छा काम किया। लगन और परिश्रम से स्थान बनाया है। आदिवासी क्षेत्रों में लोगों को काम दें। पिछड़े क्षेत्रों में कारखाने खोलें और गरीब, किसान और घुमंतुओं की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए कार्य करें।

तीसरे और अंतिम दिवस एमएसएमई कॉन्क्लेव में लघु उद्यमियों ने सर्वाधिक संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस लघु उद्यमियों के कुंभ में सम्पूर्ण राजस्थान से प्रतिनिधित्व रहा जो प्रदेश भर में पहले कभी नहीं देखा गया। इस कार्यक्रम की सफलता का पूरा श्रेय लघु उद्योग भारती संगठन को जाता है।

## एमएसएमई उद्योगों को पांच वर्ष की अवधि के लिए अनुमोदन और निरीक्षण की छूट-राज्यवर्धन सिंह राठौड़

राजस्थान के उद्योग मंत्री श्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने एमएसएमई कॉन्क्लेव में स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा– 'प्रधानमंत्री मोदी जी ने कहा कि राजस्थान राइजिंग है, रिलायबल




है और रिसेप्टिव भी है तथा समय के साथ अपने आप को रिफाइन भी करता रहता है। हमारे प्रवासी राजस्थानियों ने दूसरे प्रदेशों में कठिनाइयों को पार करके अपना, परिवार का और राजस्थान का भी नाम किया। हमारे त्यौहार, पहनावे, हमारी भाषा और संस्कृति अलग-अलग राष्ट्रों तक पहुंची।

देश की तकरीबन एक चौथाई जीडीपी एमएसएमई के उद्यमियों के बलबूते चलती है, इतनी बड़ी वर्कफोर्स को आप स्किल्ड और प्रोत्साहित भी करते हैं तथा आगे बढ़ने के लिए आर्थिक स्थिरता भी देते हैं। एमएसएमई सेक्टर के अंदर राजस्थान में खास तौर से टेक्सटाइल, हैंडीक्राफ्ट, सिरामिक स्टोन, टूरिज्म यह सभी सेक्टर्स हैं और इससे आर्थिक नींव भी मजबूत होती है और एक समृद्ध परंपरा कारीगरों की भी आगे बढ़ती है जैसे कोटा डोरिया बंधेज दुनिया के अंदर राजस्थान का नाम करते हैं।

प्रदेश में नयी सरकार के गठन के बाद से एक वर्ष के भीतर लघु उद्योग भारती के साथ पांच बार उद्योगों की समस्याओं पर गहरी चर्चा करने का मुझे अवसर मिला। जो भी समस्याएं हैं उनका समाधान करेंगे। यही नहीं, सभी जिलों में जो कमेटी बनेगी उसमें लघु उद्योग भारती का प्रतिनिधित्व होगा।

हम पहले राज्य बनेंगे जो एमएसएमई उद्योगों को किसी भी तरह के राज्य कानून से पांच वर्ष की अवधि के लिए अनुमोदन और निरीक्षण की छूट दे रहे हैं साथ ही एक एकड़ भूमि तक लैंड कन्वर्जन में बड़ी छूट दी जाएगी। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना और रैंप जैसी योजनाएं लघु उद्योग को आगे बढ़ाने में मदद कर रही है रैंप है रेजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस इसके लिए केंद्र सरकार और वर्ल्ड बैंक ने मिलकर 6000 करोड़ का फंड रखा है। हमने इसी वर्ष कुछ नीतियां लॉन्च की गई हैं- एमएसएमई पॉलिसी, वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट, इंटीग्रेटेड क्लस्टर डेवलपमेंट एक्सपोर्ट प्रमोशन, राजस्थान इन्वेस्ट प्रमोशन और टूरिज्म यूनिट पॉलिसी।

आज टेक्नोलॉजी के साथ इंडस्ट्रीज अपनी एफिशिएंसी बढ़ा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी ने कहा है कि हम इंडस्ट्री 4.0 के अंदर दुनिया को लीड करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। मेरा आग्रह आपसे है कि क्लाउड कंप्यूटिंग हो, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हो आपके काम के अंदर जो डाटा आता है उस डेटा से निर्णय हो, ऑटोमेशन हो, रोबोटिक्स हो.. यह बड़ी बात नहीं है, अलग-अलग लेवल पर संभव है. इससे आपका वर्कफोर्स ज्यादा एफिशिएंट बने, रॉ मटेरियल सही समय पर आए, मशीनें वेस्ट ज्यादा ना करें और मार्केट की डिमांड का सही समय पर आपको पता चले ये सारा टेक्नोलॉजी के माध्यम से किया जा सकता है. हम सबके पास स्मार्टफोन है जिसमें कई टेक्नोलॉजी एक जगह दी गई हैं। अब हमें भी स्मार्ट प्रोडक्शन, स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग की ओर जाना है। ऐसी एफिशिएंसी लाने के लिए भी यानी टेक्नोलॉजी एक्विजिशन के लिए भी राजस्थान सरकार ने एक अलग फंड रखा है ताकि हम उद्यमियों की मदद की जा सके। टेक्नोलॉजी एक्विजिशन के लिए छोटे व्यवसाय को ऋण मिलेगा। जो नए व्यवसाय शुरू हो रहे हैं और जो व्यवसाय एक्सपेंड करना चाहते हैं उनके लिए फंड और सपोर्टिंग वैल्यू का प्रावधान है।

जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी जी ने राजस्थान की खूबियां बताई कि जो मुसीबतों से टकराते हैं वो राजस्थानी कहलाते हैं। मैं उसमें यह जोड़ना चाहता हूं कि ये राजस्थान हमारा कर्म स्थान भी है, हमें पास्ट की ग्लोरी पर भी खुमार है और अपने फ्यूचर की स्टोरी के लिए भी हम पूरी तरह से तैयार हैं। हम लोकल भी हैं, हम ग्लोबल भी हैं और अब हम दूसरे प्रदेशों के लिए मॉडल भी बनेंगे।

## पॉलिसी बनती है, लेकिन इसमें इफ एंड बट लगने से उद्योग नहीं पनपते- घनश्याम ओझा




लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री घनश्याम ओझा ने कहा- सबसे पहले मैं राजस्थान सरकार का धन्यवाद ज्ञापित करना चाहूंगा जिन्होंने लघु उद्योग भारती को इस एमएसएमई कॉन्क्लेव के आयोजन की जिम्मेदारी दी और हमारी टीम ने दिन-रात मेहनत करके इस आयोजन को सफल बनाने में विशेष

भूमिका निभाई। प्रदेश में पहली बार 35 लाख करोड़ से अधिक के एमओयू हो चुके हैं। हालांकि राजस्थान में इन्वेस्टमेंट समिट पहले भी हुईं, लेकिन इस बार बदलाव सभी को साफ़ नजर आता है कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी और उनकी टीम ने पॉजिटिव सोच के साथ कार्य किया और भारत और विदेशों में निवेशकों को राजस्थान की ओर आकर्षित करने में सफलता पायी। उनकी इच्छा है कि सभी एमओयू धरातल पर उतरे और राजस्थान में निवेश आए और एक विकसित राजस्थान की कल्पना को साकार किया जा सके।

राजस्थान की वर्तमान इकॉनमी लगभग 190 बिलियन डॉलर है और अगले पांच वर्षों में सरकार ने इसे डबल करने का लक्ष्य लिया है लेकिन अगर यहां एमएसएमई को डेवलप किया जाए, और एमओयू जमीन पर उतरते हैं तो डबल का टारगेट सीधे ट्रिपल या फोर टाइम हो सकता है।

राजस्थान में लगभग 30 लाख के आसपास एमएसएमई इकाइयां हैं जिसमें कॉटेज भी हैं, माइक्रो भी हैं और स्माल भी हैं और लगभग एक करोड़ लोगों को रोजगार भी दे रही हैं और जिसका राजस्थान की इकोनॉमी में 25 फीसद से अधिक का कंट्रीब्यूशन भी है ऐसे सेक्टर की अगर ग्रोथ होती है तो फिर विकसित राजस्थान का स्वप्न साकार हो सकता है।

हाल ही राजस्थान सरकार ने कई नीतियों की घोषणा की। बहुत पॉलिसी बनती है, चर्चा होती है लेकिन इसमें भी कई बार इफ एंड बट लग जाते हैं। इसलिए मेरा माननीय मंत्री और अधिकारी गण से निवेदन है कि वे इस पर ध्यान देंगे।

हम लोग बहुत ही भाग्यशाली है कि हमारा राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा प्रदेश है, लैंड की उपलब्धता बहुत अधिक है और सूर्य देवता की कृपा भी है। सोलर में बहुत बड़ा निवेश आ रहा है और उसमें बड़ा निवेश करने वाले भी हैं तो एमएसएमई वाले भी हैं. इसमें किसी प्रकार की बंदिश नहीं हो. अगले पांच वर्षों में राजस्थान बिजली के मामले में आत्मनिर्भर हो जाएगा और बिजली सप्लाई भी कर सकेगा। किसानों को भी भरपूर बिजली की आपूर्ति हो सकेगी।

इसी तरह राजस्थान में अकूत भंडार हैं खनिज के जो अधिकांश रॉ फॉर्म में ही प्रदेश से बाहर जा रहे हैं अगर उनकी प्रोसेसिंग यहां होनी शुरू हो जाये होगी तो वैल्यू एडिशन के बाद बाहर जाएंगे और यहां निश्चित रूप से रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे और प्रदेश को रेवन्यू भी मिलेगा। सरकार ने समिट के माध्यम से जैसा माहौल बनाया है ये बना रहना चाहिए। मैं लघु उद्योग भारती की ओर से विश्वास दिलाता हूं कि हम लोग उद्योग मित्र के रूप में सरकार और निवेशक के बीच में काम करना चाहेंगे जिससे टाइम बाउंड है उनका कार्य हो सके. हमारे बहुत से प्रवासी राजस्थानी उद्यमी अपनी कर्म भूमि से जन्मभूमि की ओर आते हैं, तो निश्चित रूप से राजस्थान में औद्योगिक विकास का नया अध्याय लिखा जायेगा।

एक और बहुत महत्वपूर्ण विषय है उद्योगों के लिए स्किल्ड लेबर का। इसके लिए लघु उद्योग भारती ने बड़ी पहल की है और भारत का सबसे बड़ा कौशल विकास केंद्र जयपुर में ही स्थापित किया गया है जहां से विविध कौशल में दक्ष श्रमिक हमारे उद्योगों को नई गति प्रदान करेंगे।

# रोजगार सृजन में लघु उद्योगों की बड़ी भूमिका - प्रकाशचंद्र




लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्री प्रकाश चंद्र जी ने कहा कि राजस्थान के लोगों में वो वाणिज्य कौशल और संकल्प सिद्धी है जिसकी बदौलत वे जहां भी गए, वहां उन्होंने राजस्व और रोजगार सृजन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। उन्होंने कहा– 'लेकिन अपनी ही मातृभूमि पर वे उतना निवेश नहीं कर पाए, तो इसके पीछे निश्चित तौर पर कमियां तो रही हैं और उनका समाधान शासन की ओर से अब आना चाहिए। सरकार के प्रयासों से प्रवासी उद्यमी निवेश के लिए अपना मन बना भी रहे हैं। देशभर में रोजगार सृजन में लघु उद्योगों की बड़ी भूमिका है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

हमारा प्रदेश निवेश की दृष्टि से अपार संभावनाओं वाला है। मिनरल में, स्टोन में और टेक्सटाइल में हमारा प्रमुख स्थान है ही, एग्रोबेस भी बहुत सारी इंडस्ट्रीज है दिल्ली से लगे हुए एनसीआर में। हमारे राज्य के साथ जुड़ा एक और वैशिष्ट्य है प्रकृति का। हमारे यहां पूरी क्षमता से सूर्य की किरणें उपलब्ध हैं विशेष तौर से पश्चिम राजस्थान में। इसलिए सौर ऊर्जा के क्षेत्र में जो एमओयू हुए हैं उससे आने वाले समय में प्रदेश सौर ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनेगा और प्रदेश में उद्योग पनपेंगे तथा बिजली की किल्लत से मुक्ति मिल सकेगी।

आज गीता जयंती है और योगेश्वर श्री कृष्ण ने एक सूत्र दिया था कर्म करने का। तो जब बिजली नहीं थी, चिमनी नहीं थी, मशीने नहीं थी तब भी कठोर परिश्रम के द्वारा हजारों वर्षों तक दुनिया का उद्यमिता के क्षेत्र में भारत ने नेतृत्व किया। उस समय की दुनिया की जितनी आवश्यकताएं थी पहनने के लिए कपड़ा,

भिन्न-भिन्न प्रकार के लोहे के औजार, स्वादिष्ट भोजन के लिए मसाले, औषधि, सुगंधित द्रव्य, हैंडीक्राफ्ट के सामान आदि की हर जरूरत को हमारे पूर्वजों ने गुणवत्ता पूर्ण निर्माण के द्वारा पूरा किया परिवर्तनीय मुद्रा के रूप में जो भी सोना चांदी उस समय प्रचलित था। यह प्रवाह हजारों वर्षों तक बना रहा और सामान के बदले सोना-चांदी आता रहा और इसी कारण से दुनिया ने भारत को सोने की चिड़िया का नाम दिया। वही समृद्धि फिर अभिशाप बनी।

आज देश में भी और प्रदेश में भी, एक अच्छी संवेदनशील मन वाली सरकार है. यहां पर भी एक वर्ष का हमारा अनुभव है कि हमारे मुख्यमंत्री श्री भजनलाल जी और उद्योग मंत्री जी से जब भी उद्योगों से जुड़ी किसी समस्या के संबंध में चर्चा की, तो समाधान के लिए त्वरित प्रयत्न भी हुए. हमारी एमएसएमई पॉलिसी और अन्य सभी नीतियों का निर्माण राजस्थान सरकार ने सभी हितधारकों से परामर्श करके किया।

रोजगार सृजन अपने देश की नहीं, पूरी दुनिया की समस्या है। छोटे उद्यमियों का बहुत बड़ा योगदान है रोजगार सृजन में। पूरी दुनिया मानती है। रेवेन्यू जनरेशन सबको चाहिए सरकार को भी भिन्न-भिन्न प्रकार की कल्याणकारी और विकास की योजनाओं को पूरा करने के लिए। हर वर्ष टारगेट बढ़ते चले जाते हैं छोटे उद्यमियों का जो नीचे तक फैला हुआ व्याप विस्तार है इसको अगर समृद्ध किया जाए, तो निश्चित रूप से रेवेन्यू जनरेशन की दृष्टि से भी एक बहुत बड़ा सरकार को लाभ होने वाला है. जहां कहीं भी सरकारों ने इस प्रयत्न को आगे बढ़ाया, आज वह बहुत आगे बढ़े हैं।

इस समिट के तीन दिनों में जो संकल्प जागृत हुआ है उससे आने वाले समय में मुझे पूरा विश्वास है कि भौगोलिक ही नहीं, आर्थिक दृष्टि से भी राजस्थान औद्योगिक पटल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा। इसके लिए हमारे सफल प्रवासी उद्यमी भी यहां उद्यमिता के विस्तार और विकास में अपना योगदान देंगे।

## राजस्थान के व्यक्ति में उद्यमिता के गुण जन्म से ही मौजूद - धर्मेन्द्र प्रधान

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के समापन सत्र में केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि राजस्थान केवल पूंजी निर्माता ही नहीं है, बल्कि नॉलेज बेस्ड इकोनॉमी भी है। यहां आईआईटी, आईआईएम, एम्स सहित सभी विश्व स्तरीय शिक्षण संस्थान मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश को जॉब सीकर्स से ज्यादा जॉब क्रिएटर्स की जरूरत है। लेकिन राजस्थान के व्यक्ति को उद्यमिता सिखाने की जरूरत नहीं है उसमें यह खूबी जन्म से ही होती है। उन्होंने कहा कि जैसे खाड़ी देश विश्व अर्थनीति के केन्द्र हैं, वैसे ही भविष्य में जयपुर-जैसलमेर दुनिया के अर्थनीति के केन्द्र बनना तय हैं तथा यह समिट इसको



दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

श्री प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक भारत दुनिया का सबसे ताकतवर आर्थिक शक्ति का केंद्र बनेगा तथा राजस्थान भारत का अग्रणी राज्य होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया के प्रत्येक कोने में राजस्थान का उद्यमी मौजूद है तथा प्रत्येक राजस्थानी अब आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में नई ऊंचाइयां छू रहा है।

श्री प्रधान ने कहा कि केन्द्र सरकार राज्य के प्रमुख शैक्षणिक केंद्रों आईआईटी जोधपुर, केन्द्रीय विश्वविद्यालय जैसे संस्थान में एडवांस टेक्नोलॉजी लैब को स्थापित करने में मदद करेगी। राजस्थान की विपरीत भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद 11 प्रतिशत की विकास दर प्रदेशवासियों की मेहनत को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार ने अपने पहले ही वर्ष में राइजिंग राजस्थान समिट का सफल आयोजन किया है तथा राजस्थान विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

श्री प्रधान ने कहा कि समिट में ऊर्जा के क्षेत्र में सर्वाधिक एमओयू साइन हुए हैं जोकि एक प्रोग्रसिव पहल है। दुनिया में ऊर्जा की खपत अमरीका और चीन के बाद भारत में सर्वाधिक होती है। उन्होंने कहा कि भारत भविष्य में ग्रीन एनर्जी तथा न्यू एनर्जी भी सृजित करेगा तथा राजस्थान इस क्षेत्र में लीडर पॉजिशन पर आ गया है। यहां हुए निवेशों से लोगों को संसाधन मिलेंगे, आय का सृजन होगा तथा आधारभूत सुविधाएं मिलेंगी जिससे पूरा राज्य विकास की दौड़ में अग्रणी बन सकेगा। श्री प्रधान ने कहा कि पहले बीमारू राज्य की श्रेणी में 'आर' राजस्थान को माना जाता था लेकिन अब वही 'आर' राजस्थान राइजिंग की तरफ बढ़ रहा है।

□□□

# 2026 में फिर होगा राइजिंग राजस्थान का आयोजन

## 11 दिसम्बर, 2025 को एमओयू प्रगति की समीक्षा को लाएंगे जनता के सामने




मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार राइजिंग समिट में हुए एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए पूरी शक्ति के साथ काम करेगी तथा अगले वर्ष 11 दिसंबर, 2025 को इन सभी एमओयू के जमीन पर उतरने की समीक्षा को जनता से साझा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान का आयोजन 2026 में फिर से होगा। उन्होंने कहा कि असीम संभावनाओं से भरपूर राजस्थान में उद्यमिता एवं विकास के शिखर को छूने की क्षमता है। राजस्थान नवाचार व निवेश आकर्षण के एक नए केंद्र के रूप में उभर रहा है। इस समिट में 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू किए गए हैं।

### उद्यमों को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार ने की कई पहल

मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार ने कई अहम निर्णय लिए हैं। राज्य में 11 औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के लिए 1,200 करोड़ रुपये से अधिक की स्वीकृति, पांच नवीन औद्योगिक क्षेत्रों को भूखंड आवंटन, रीको द्वारा 8 औद्योगिक क्षेत्र नियोजित किए गए हैं। श्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर लाने के लिए हम अगले तीन साल में जीआई टैग की संख्या को दोगुना करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जीआई टैग वाले उत्पाद गांव से ग्लोबल की तरफ बढ़ेंगे जो यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'विकास भी विरासत भी' विजन को साकार करेंगे।

### राजस्थान एमएसएमई नीति-2024 सहित 10 नीतियों से निवेश को मिलेगा बढ़ावा

श्री शर्मा ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग प्रदेश के औद्योगिक ढांचे की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र राजस्थान की जीएसडीपी में करीब 25 प्रतिशत योगदान दे रहा है। साथ ही, निर्यात में भी अहम भूमिका निभा रहा है। ये उद्योग समावेशी आर्थिक विकास, इनोवेशन और विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान निवेश प्रोत्साहन नीति–2024 एवं अन्य 9 नीतियां जारी की हैं।

### नए उद्यमियों को निर्यातक बनाने के लिए नई निर्यात नीति

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 'निर्यात वृद्धि, सर्व समृद्धि' में विश्वास करती है जो निर्यातकों की समृद्धि और उनके सशक्तिकरण पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने राजस्थान निर्यात संवर्धन नीति 2024 जारी की है। इसके तहत मुख्यमंत्री निर्यात वृद्धि अभियान में नए उद्यमियों को निर्यातक बनाने के लिए निर्यात प्रक्रिया एवं दस्तावेजीकरण के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। श्री शर्मा ने कहा कि एकीकृत क्लस्टर विकास योजना 2024 के माध्यम से कच्चे माल के बैंक स्थापित कर हस्तशिल्पियों, बुनकरों और हथकरघा क्लस्टरों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि 'एक जिला–एक उत्पाद



नीति–2024' लागू कर वोकल फोर लोकल को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। यह नीति हमारी पारंपरिक कला के संरक्षण और विकास में भी मददगार होगी।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि विकसित राजस्थान लक्ष्य की प्राप्ति में यह समिट मील का पत्थर साबित होगा। हमने बजट में राज्य की आधारभूत संरचना को मजबूत करने पर पूरा ध्यान दिया है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी हम ब्रांडिंग, प्रमोशन तथा टूरिस्ट सर्किट विकसित करने पर फोकस कर रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि यह समिट राज्य की क्षमता, आकांक्षाओं और संभावनाओं का प्रतीक है। कॉन्क्लेव के संयोजक श्री महेंद्र मिश्रा ने आयोजन को ऐतिहासिक और सार्थक बताया।













# NEWS UPDATE

## Putin says Russia will now 'Make in India'



President Vladimir Putin believes that investing in India is "profitable" and announced that Russia is now ready to set up its manufacturing operation in India. Putin also praised Prime Minister Narendra Modi for his "India-First" policy and the "Make in India" initiative.

**India's Leadership focused on Prioritising National Interests :** Addressing the 15th VTB Russia Calling Investment Forum, Putin said that under the leadership of PM Modi, the Indian government has been creating stable conditions for growth and development. The Russian President also emphasised that India's leadership has focused on prioritising its national interests.

Putin said, that Russian company Rosneft has already invested $20 billion in India. He said that 'Make in India' initiative, aimed at boosting manufacturing and attracting foreign investment, has played a key role in strengthening India's position in the global economy.

Putin also highlighted the significance of Russia's import substitution program in the context of BRICS's evolution, focusing on the growth of SMEs and the necessity for a rapid dispute resolution mechanism to facilitate smooth business transactions for SMEs in Brics+ countries.

Putin also urged for greater cooperation among BRICS nations to support the growth of SMEs and encouraged member countries to identify key areas for collaboration at the summit in Brazil next year.

Mentioning about the investment platform which Russia has been developing with partner countries in Brics, Putin said that it has the potential to benefit all partners and is expected to become an important instrument for supporting our economies and providing financial resources to the countries of the Global South and East.

□□□

## Govt. Open to Exploring Alternative Financing Models for MSMEs



Union Commerce and Industry minister Shri said that the government is open to offering concessional rates for micro, small, and medium enterprises (MSMEs) setting up businesses in industrial townships across the country on 5th December. He also highlighted the exploration of alternative financing models to support these enterprises. Speaking at an event organized by industry body Assocham, Goyal emphasized the government's efforts to simplify business processes, reduce compliance burdens, decriminalize laws, and create a supportive environment for MSMEs.

Central government is exploring measures to boost equity investments in MSMEs and expand financing opportunities, particularly for businesses in the informal sector.

In August, the cabinet approved 12 new projects under the National Industrial Corridor Development Program (NICDP) to establish industrial parks and townships in locations such as Rajpura-Patiala (Punjab), Gaya (Bihar), Dighi (Maharashtra), Palakkad (Kerala), Agra and Prayagraj (Uttar Pradesh), Zaheerabad (Telangana), Orvakal and Kopparthy (Andhra Pradesh), Jodhpur-Pali (Rajasthan), and Khurpia (Uttarakhand).

Highlighting financing challenges, Goyal pointed to several government-backed schemes that promote and provide guarantees for MSME financing. He said that if every banker was to be a little more responsive to actually make that financing available, I don't think they would have that great of difficulty especially if borrowers were little more responsible about paying back the money that they borrow.

□□□

## Piyush Goyal urges on Industry Stakeholders to Act as Whistleblowers

The Federation of Indian Export Organisations (FIEO) has noted that export credit growth has lagged behind the country's rising exports. According to FIEO, export credit declined between March 2022 and March 2024 due to rising commodity prices, increased freight costs, and the Red Sea crisis, which led to longer voyage times and delayed payments. Union Commerce and Industry minister Shri Goyal also called on industry stakeholders to act as whistleblowers in cases of corruption, urging them to raise concerns about delays in file movement or action on proposals. □□□

## Govt. Plans to Decriminalise MSMEs' Minor Defaults

The Union government is considering decriminalisation of minor defaults under the Micro, Small, and Medium Enterprises Development (MSMED) Act. Ahead of the Union budget; the Micro, Small & Medium Enterprises (MSME) ministry, as part of the consultation process, has recommended that the law ministry decriminalise acts such as furnishing incorrect self-declaration memorandum, failure in disclosures, said two people in the know of the development.

The law also includes the failure of buyers to disclose MSME dues in their annual accounts.

This plan of helping improve ease of doing business for MSMEs comes in the backdrop of these small businesses having low capital, with the Centre prioritising Vivaad Se Vishwas scheme for settlement of disputes for such businesses. The decriminalisation will aid MSMEs, which lose out valuable capital on minor penalties under Section 27 of the MSMED Act.

Currently, Section 27 of the Act indicates penalties for multiple circumstances. It penalises MSMEs for not disclosing their registrations as micro, small, or medium enterprises with the designated government body. These registrations are in the form of a memorandum between the enterprise and the government.

**Disclosures a Must**

MSMEs are bound to furnish such disclosures, including the disclosures of the above-mentioned memorandum, to officers designated by the state or Union governments. If they fail to do so, MSMEs are penalized a sum in the range of ?1,000 - 10,000, as per the law.

If penalised under this provision of the Act, MSMEs often have to fight the case in court, leading to added costs beyond the penalty, in an ecosystem where they already face payment delays.

As of December 2024, India has over 5.58 crore registered MSMEs on the Union government's Udyam portal, employing over 230 million individuals-more than 15% of the country's population. Such businesses operate on low capital as they cannot raise funds from markets. Indian MSMEs must rely on government schemes and funding from banks and non-banking financial companies (NBFCs), and raising credit is a major issue for the sector. □□□

## Govt. taps MSMEs, Startups for Defence Tech, Sanctions Rs. 1,264 cr Projects

Several initiatives aimed at transforming India into a global hub for defence research and technology, involving projects worth an estimated Rs. 1,264 crore and significant participation from MSMEs, start-ups, and academia, have been rolled out by the government, according to Minister of State for Defence Shri Sanjay Seth, who provided key updates in a written reply in the Lok Sabha.

**Over Rs. 300 cr allocated for TDF Scheme Projects :** Among the key initiatives is the Technology Development Fund (TDF) scheme, a flagship programme under the MoD, executed by the Defence Research and Development Organisation (DRDO). a total of 79 projects, worth Rs 334.02 crore, have been sanctioned under the TDF scheme for the development of defence technologies.

The TDF scheme is designed to encourage industries, particularly micro, small, and medium enterprises (MSMEs) and start-ups, to develop cutting-edge defence technologies.

In line with the government's 'Aatmanirbhar Bharat' (Self-reliant India) vision, the scheme aims to integrate new industries into the design and manufacturing processes of defence technologies. Under the scheme, the government provides funding of up to Rs. 50 crore per project as a grant-in-aid.

**DRDO Sanctions 264 Projects worth Rs. 930 cr:** Another significant development is the establishment of the DRDO Industry Academia Centres of Excellence (DIA-CoEs), which aim to foster collaboration between academia, industry, and DRDO.

# LUB's News in Brief ...

## लघु उद्योग भारती ने बजट पूर्व परामर्श बैठक में की सहभागिता

लघु उद्योग भारती के अखिल भारतीय महासचिव श्री ओमप्रकाश गुप्ता और अखिल भारतीय संयुक्त कोषाध्यक्ष श्री महेश गुप्ता ने वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित बजट पूर्व परामर्श बैठक में 7 दिसंबर को भाग लिया। संगठन की ओर से सूक्ष्म और लघु उद्योगों से संबंधित विभिन्न मुद्दों को उठाया, जो संक्षेप में यहां दिए जा रहे हैं–

**1. विपणन और आउटरीच**– उद्यम आधार के साथ जोड़कर त्वद्गरूपोर्टल के पंजीकरण को सरल बनाएं। त्वद्गरूको निजी संस्थानों और वैश्विक बाजारों तक विस्तारित करें। सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों, एक्सपो और भारतीय दूतावासों में व्यापार डेस्क के माध्यम से समर्थन करें।

**2. तकनीकी विकास**– अनुसंधान और विकास में शामिल विभिन्न सरकारी एजेंसियों के साथ सहयोग के माध्यम से प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को सरल बनाएं। देश भर में विभिन्न प्रयोगशालाओं में इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित करें। प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए एक समर्पित निधि आवंटित करें और एसएमई के लिए अनुसंधान और विकास के लिए सीएसआर निधि की अनुमति दें।

**3. कौशल विकास**– एमएसई के साथ आईटीआई स्नातकों के लिए एनएपीएस के तहत एक साल की इंटर्नशिप अनिवार्य करें। एसएमई के लिए नौकरी–विशिष्ट प्रशिक्षण पाठ्यक्रम विकसित और विस्तारित करें। कौशल की कमी को पूरा करने के लिए क्षेत्र–विशिष्ट पहल के साथ संसाधन उपलब्ध कराएँ।

**4. व्यापार करने में आसानी**– लाइसेंस और परमिट के अनुपालन के लिए एकल–खिड़की व्यवस्था लागू करें। पुराने कानूनों को खत्म करें और प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए विभागों को एकीकृत करें। छोटे और नए व्यवसायों के लिए लाइसेंसिंग को सरल बनाएं।

**5. बैंकिंग और वित्त**– भुगतान में देरी को दूर करने के लिए धारा 43B(h) के तहत समय पर भुगतान की निगरानी करें। CGTMSE के तहत कोलेटरल–मुक्त ऋण को बढ़ावा दें। MSE के लिए कॉरपोरेट्स के समान ब्याज दर लागू करें और CIBIL अपडेट में सुधार करें। MSE को बेहतर तरलता के लिए कार्यशील पूंजी सीमा को टर्नओवर के 25–30% तक बढ़ाएँ।

**6. कॉर्पोरेट और श्रम कानून समायोजन**– PF/ESI पंजीकरण के लिए AGILE–1 फॉर्म में विकल्प प्रदान करें। ROC अनुपालन में चूक के लिए माफी योजना शुरू करें और दंड कम करें। छोटी कंपनियों के लिए ऑडिट ट्रेल की आवश्यकता को कम करें।

**7. जीएसटी और कराधान**– जॉब वर्क के लिए जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाना, करदाता को जीएसटी अनुपालन रेटिंग की सुविधा देना। जीएसटी फाइलिंग में छोटी–मोटी चूक के लिए धारा 74 के तहत दिए गए आदेश में माफी योजना लागू करना। नकदी प्रवाह में राहत के लिए आरसीएम दरों को तर्कसंगत बनाना, आरसीएम दरें 0.5% से 1% होनी चाहिए।

**8. सीमा शुल्क और निर्यात सहायता**– निर्यातकों के लिए जीएसटी क्रेडिट रिफंड में तेजी लाना। संधारणीय प्रथाओं के लिए सीमा शुल्क प्रोत्साहन प्रदान करना। महत्वपूर्ण कच्चे माल के आयात के लिए अनुमति प्रक्रियाओं को सरल बनाना।

**9. आयकर सुधार**– भागीदारी और एलएलपी के लिए कर दरों को कॉर्पोरेट दरों के बराबर करना। दीर्घकालिक परिसंपत्ति पुनर्निवेश के लिए पूंजीगत लाभ कर में छूट की अनुमति देना। पीएफ/ईएसआई के लिए रिटर्न दाखिल करने से पहले किए गए विलंबित भुगतान की अनुमति देना।

उपरोक्त सिफारिशों के अलावा सामान्य परीक्षण सुविधाओं के लिए क्लस्टर और भूमि नीतियों के संबंध में, नई इकाई स्थापनाओं के लिए 15% पूंजी सब्सिडी की अनुमति देना। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से एमएसई को बढ़ावा देना, निर्यात शुल्क वापसी में वृद्धि करना, औद्योगिक भूमि पर सब्सिडी देना, प्लग–एंड–प्ले उत्पादन कक्ष शुरू करना और एसएमई क्लस्टरों के लिए सतत विकास लक्ष्यों को बढ़ावा देना।

□□□

## जीएसटीफ की स्टोन टेक्नोलॉजी पर इंटरनेशनल सेमिनार किशनगढ़ में होगी

**( सीएसआईआर, एमएनआईटी, एनएसडीसी, आरईपीसी जैसे संस्थानों के साथ माइनिंग एवं एनवायरनमेंट मिनिस्ट्री की होगी सक्रिय सहभागिता )**

भारत में स्टोन इंडस्ट्री की ग्रोथ के लिए कार्यरत संगठन ग्लोबल स्टोन टेक्नोलॉजी फोरम की ओर से 9 से 10 जनवरी को इंटरनेशनल सेमिनार का आयोजन किशनगढ़ स्थित मार्बल एसोसिएशन के सभागार में किया जायेगा। सेमिनार में इटली और



ईरान के स्टोन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में ख्यात विशेषज्ञ और देशभर के 500 से अधिक डेलीगेट्स भाग लेंगे। ये जानकारी स्टोनमार्ट-2026 के कन्वीनर और लघु उद्योग भारती राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री नटवरलाल अजमेरा ने जयपुर में सेवा सदन स्थित एलयूबी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग में दी।

उन्होंने बताया कि ग्लोबल स्टोन टेक्नोलॉजी फोरम (GSTF) की ये सेमिनार अंतर्राष्ट्रीय स्टोन टेक्नोलॉजी और डायमेंशनल स्टोन सेक्टर में नवीनतम प्रगति और अभिनव रुझानों पर केंद्रित है।

लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय सचिव श्री नरेश पारीक ने बताया कि इस सेमिनार का मुख्य मूल मंत्र प्रौद्योगिकी है जिसमें पत्थर के अनुप्रयोग, वास्तुकला उपयोग, अपशिष्ट और पत्थर के स्लरी के उपयोग के नए रुझानों से संबंधित कुछ अन्य क्षेत्रों पर भी फोकस किया जाएगा। कार्यक्रम में स्टोन इंडस्ट्री से संबद्ध 25 से अधिक स्टोन प्रोसेसिंग में उपयोगी विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी।

प्रेस ब्रीफिंग में बेंगलुरु में 12 से 15 फरवरी को आयोजित स्टोना-2025 की रूपरेखा के बारे में चेयरपर्सन श्री मदनलाल जांगिड़ ने विस्तार से जानकारी साझा की। इससे पूर्व फिगसी के पदाधिकारियों का स्वागत एलयूबी के पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सीए योगेश गौतम, प्रदेश संयुक्त महासचिव श्री महेंद्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष श्री अरुण जाजोदिया, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री महेंद्र खुराना और प्रगतिशील उद्यमी श्री नवरतन नरानिया ने किया।

इस अवसर पर फेडरेशन ऑफ इंडियन ग्रेनाइट एंड स्टोन इंडस्ट्री के अध्यक्ष श्री कृष्णा प्रसाद, महासचिव श्री मनोज सिंह, फ़िगसी के स्किल डेवलपमेंट सेंटर के चेयरपर्सन श्री ईश्वेंद्र सिंह, एलयूबी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री कवीन्द्र जुल्का, जयपुर अंचल उपाध्यक्ष श्री भरत भूतड़ा, संयुक्त सचिव श्री मनीष जौहरी, कोषाध्यक्ष श्री उदय भुवालका सहित प्रदेशभर से प्रमुख उद्यमीगण मौजूद रहे। विषय प्रवर्तन मीडिया प्रभारी डॉ. संजय मिश्रा ने किया।

गौरतलब है कि CDOS (सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ स्टोन्स) और रीको द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती सह-आयोजक है।

□□□

## एलयूबी प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री से की भेंट

लघु उद्योग भारती के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने अखिल भारतीय संगठन महामंत्री श्री प्रकाशचन्द्र जी एवं अखिल भारतीय महामंत्री श्री ओमप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में केन्द्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री पीयूष गोयल से संसद भवन में 18 दिसंबर को भेंट की।

प्रतिनिधिमंडल ने उद्योगों के सामने आ रही विभिन्न समस्याओं को रखा जिसमें प्रमुख रूप से जोधपुर के नैनो बोल्ट वाटर बोतल,



पाली के छाता उद्योग, बीकानेर से जिप्सम, सिलीगुड़ी से चाय एवं जयपुर से फाउंड्री से संबंधित थी। मंत्री महोदय ने सभी समस्याओं पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किये।

इस अवसर पर लघु उद्योग भारती के पदाधिकारियों ने नये संसद भवन का अवलोकन भी किया। प्रतिनिधिमंडल में जोधपुर प्रांत उपाध्यक्ष श्री बालकिशन परिहार, जयपुर से श्री महेन्द्र मिश्रा, जोधपुर से प्रांत कार्यकारिणी सदस्य श्री प्रकाश जीरावला, पाली फालना से श्री नरेश सुथार, सिलीगुड़ी से श्री विपिन, श्री सतीश कुमार, गुजरात से श्री हंसराज व श्री गणेश भाई उपस्थित रहे।

□□□

## LUB's National Working Committee Meeting Held in Vijayawada




The National Working Committee meeting of Laghu Udyog Bharati (LUB) was successfully conducted in Vijayawada, Andhra Pradesh, on 19-20 December, 2024. Thirty-one esteemed NWC members were present. The meeting was graced by prominent dignitaries, including Seh Sarkaryawah and Sampark Adhikari, Rashtriya Swayamsevak Sangh (RSS) Dr. Krishnagopal ji, National Organizing Secretary Shri Prakash Chandra ji, Former President Shri Baldevbhai Prajapati, National President Shri Ghanshyam Ojha, National General Secretary Shri Om Prakash Gupta, Treasurer Shri Sameer Mundra along with other distinguished committee members.

As part of the two-day event, LUB Andhra Pradesh organized a general meeting for industrialists

on the evening of 19th December at 7:00 PM under the banner MSME Sangamam 2024. This gathering brought together approximately 180 industrialists from Vijayawada, Guntur, Visakhapatnam, and several other cities to discuss the opportunities and challenges faced by small-scale industries.

The National Working Committee meeting was hosted by the Andhra Pradesh committee members at Vijayawada. The event was coordinated under the leadership of National Joint General Secretary & Southern India Coordinator Shri Mohanasundaram with National Executive Members & Andhra Pradesh Co-ordinators Shri Anne Krishna Balaji and Shri Ananth,

The meeting focused on strengthening small-scale industries, fostering collaborations, and sharing innovative ideas to boost the MSME sector in India. The participants expressed gratitude to the Andhra Pradesh team for their excellent hospitality and seamless organization of the event. The Laghu Udyog Bharati remains committed to promoting and supporting the growth of micro, small, and medium enterprises (MSMEs) across the country.

## MSME Sangamam 2024: A Call for Industrial Growth in Andhra Pradesh

The "MSME Sangamam-2024" program was held at Vijayawada, bringing together prominent leaders and entrepreneurs to discuss the growth of Micro, Small, and Medium Enterprises (MSMEs) in Andhra Pradesh. The event was presided over by the State General Secretary of Laghu Udyog Bharati, Shri Tulasi Yogish Chandra, with Shri Tammireddy Sivashankar, Chairman of the AP MSME Development Corporation, as the Chief Guest.

Addressing the gathering, Shri Tammireddy Siva Sankara Rao emphasized the importance of establishing new industries and fostering entrepreneurship to drive the state's development. He assured that the government's new industrial policy would create a favourable environment for industries by providing financial security and incentives. Entrepreneurs were encouraged to register on the MSME movement portal to avail themselves of these benefits. He highlighted that unlike in earlier times, when producers struggled with exports, the MSME sector now offers




extensive support and information to streamline the process.

Shri Madala Venkateswara Rao, State President of Laghu Udyog Bharati, spoke about longstanding issues faced by small-scale industries in industrial parks and urged authorities to address these challenges. Echoing this sentiment, Shri Tulasi Ramachandra Prabhu, Head of the Tulasi Group, pointed out the underutilization of industrial plots allocated by APIIC. He called for stricter monitoring to ensure these plots are used effectively, avoiding activities that could harm neighbouring industries.

LUB's National leaders including National Organizing Secretary Shri Prakash Chandra ji, President Shri Ghanshyam Ojha, Secretary Shri Om Prakash Gupta, National Joint General Secretary Shri Mohana Sundaram, and National Working Committee Member Shri Anne Krishna Balaji, shared insights into expanding MSME-friendly policies nationwide. They stressed the need for appropriate permissions and facilities to support the growth of small industries.

The program, presided over by Shri Tulasi Yogish Chandra, saw participation from key figures, including Shri Chukkapalli Arun Kumar, President AP Footwear Association; Shri B. Venkatarao, Honorary President AP MSME Industries Association; and Shri Bhaskara Rao, President AP Chamber of Commerce & Industry Federation. Other notable attendees included industrialist Shri Velagapudi Sambasiva Rao, Aswini Hair Oils Managing Director Shri Anil Kumar, and BJP AP Official Representative Smt. Yamini Sharma.

The event highlighted the commitment of stakeholders to strengthening the MSME sector, ensuring sustainable development, and addressing pressing challenges faced by entrepreneurs in Andhra Pradesh.

# जोधपुर कौशल विकास केन्द्र का किया लोकार्पण

लघु उद्योग भारती के अखिल भारतीय संगठन महामंत्री श्री प्रकाश चंद्र जी, राजस्थान सरकार में शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री श्री मदन दिलावर तथा संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में लघु उद्योग भारती द्वारा जोधपुर में नवनिर्मित कौशल विकास केंद्र का लोकार्पण 13 दिसंबर को किया गया।

एलयूबी प्रदेश अध्यक्ष श्री शांतिलाल बालड ने उद्योग से संबंधित नयी नीतियों के बारे मे जानकारी दी। जोधपुर प्रान्त अध्यक्ष श्री महावीर चोपड़ा ने बताया कि केंद्र में सिलाई, कम्प्यूटर (टेली, राज्य सरकार द्वारा अधिकृत आरएससीआईटी), मेहदी, सौन्दर्य प्रसाधन एवं सीएनसी लेथ मशीन का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

भवन निर्माण संयोजक श्री प्रकाश जीरावला ने कौशल विकास केंद्र की व्यवस्था के विषय में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में भवन निर्माण में सहयोगी भामाशाहों का सम्मान किया गया। अतिथियों का परिचय प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अनिल अग्रवाल ने कराया। □□□

# पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव-2025 का आयोजन 9 जनवरी से

34वें पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव-2025 का आयोजन 9 से 19 जनवरी, 2025 तक जोधपुर के रावण का चबूतरा, रामलीला मैदान में आयोजित किया जा रहा है जिसका उद्घाटन 9 जनवरी को राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा करेंगे। यह उत्सव जिला प्रशासन जोधपुर, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र एवं उद्योग प्रोत्साहन संस्थान के साथ नोडल एजेन्सी लघु उद्योग भारती जोधपुर प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री घनश्याम ओझा ने बताया कि लघु उद्यमियों एवं हस्तशिल्पियों को प्लेटफार्म प्रदान करने के उद्देश्य से सन् 1991 से लगातार इस उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदेश की सबसे बड़ी औद्योगिक प्रदर्शनी है जिसमें राजस्थान के अलावा देश के 20 से अधिक राज्यों के उद्यमी करीब 700 स्टॉल पर अपने उत्पादों को प्रदर्शित करेंगे।

लघु उद्योग भारती, जोधपुर प्रांत के अध्यक्ष व उत्सव 2025 के मुख्य समन्वयक श्री महावीर चोपड़ा ने बताया कि उत्सव में टेक्सटाईल, स्टोन व मार्बल, हैंडीक्राफ्ट, स्टील, सोलर, ग्वार गम, हस्तनिर्मित उत्पाद एवं कृषि आधारित उद्योग अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेगे।

**उत्सव 2025 के विशेष आकर्षण-**

उत्सव की थीम हस्तशिल्पियों के कौशल की संभावनाओं व सरकार की नीतियों- पीएम विश्वकर्मा योजना, आत्मनिर्भर भारत एवं राइजिंग राजस्थान पर रखी गई है। इसमें अक्षय ऊर्जा (सौर ऊर्जा) एवं इलेक्ट्रीकल व्हीकल को भी जोड़ा गया है। राजस्थान सरकार की योजना 'एक जिला एक उत्पाद' को भी प्रस्तुत किया जायेगा। उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों व विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जायेगा।

मेले में सरदार वल्लभभाई पटेल एवं भगवान शिव की विशाल प्रतिमाएं लगायी जाएँगी। साथ ही जलमग्न भेंट द्वारका नगरी (हाउस ऑफ लॉर्ड कृष्णा) भी बनायी जायेगी। सिद्धहस्त कारीगरों द्वारा अपनी दस्तकारी एवं हस्तकलाओं का जीवंत प्रदर्शन किया जायेगा। केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के विभिन्न संस्थान जैसे ईपीसीएच, खादी ग्रामोद्योग, एफडीडीआई, काजरी, आफरी, नाबार्ड, केन्द्रीय ऊन विकास बोर्ड और आईआईटी भी इस कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। □□□

# उदयपुर में 11वां इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर 10 जनवरी से होगा शुरू

लघु उद्योग भारती उदयपुर अध्यक्ष श्री मनोज जोशी ने बताया कि आयोजन का उद्घाटन प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी करेंगी जबकि समापन समारोह में राज्य के उद्योग मंत्री श्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ शिरकत करेंगे। यह फेयर न केवल उद्योगों के विकास को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि स्थानीय कारीगरों, विशेषकर निशक्त शिल्पकारों और महिलाओं के लिए भी नया अवसर लेकर आएगा।

उद्घाटन समारोह 10 जनवरी को सुबह 11.15 बजे होगा। समारोह में उपमुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी सहित भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी भी रहेंगी।

लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री शी प्रकाश चंद्र जी के सान्निध्य में होने वाले इस समारोह की अध्यक्षता लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री घनश्याम ओझा करेंगे। उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, उदयपुर शहर विधायक श्री ताराचंद जैन, लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष श्री शांतिलाल बालड़ एवं प्रांत अध्यक्ष श्री पवन गोयल विशिष्ट अतिथि होंगे।

इस आयोजन के समापन समारोह में कई गणमान्य हस्तियां शिरकत करेंगी। समापन समारोह 13 जनवरी दोपहर 3 बजे होगा। इसमें राज्य के उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, जनजाति मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी मुख्य अतिथि होंगे। चित्तौड़ सांसद श्री सीपी जोशी, राज्यसभा सांसद श्री चुन्नीलाल गरासिया, उदयपुर ग्रामीण विधायक श्री फूल सिंह मीणा, लघु उद्योग भारती के प्रदेश महामंत्री श्री योगेन्द्र शर्मा, चित्तौड़ प्रांत अध्यक्ष श्री पवन गोयल विशिष्ट अतिथि होंगे।

□□□



LUB's New Skill Development Centre was Inaugurated in the presence of Cabinet Minister Education Shri Madan Dilawar, Cabinet Minister Parliamentary Affairs Shri Jogaram Patel, National Org. Secretary Shri Prakash Chandra ji & Former National President Shri Baldev Bhai Prajapati at Jodhpur on 13th December, 2024.



LUB's Coimbatore Women Wing of Tamil Nadu State Organised an Awareness Program on Financial Literacy for Women Entrepreneurs in the presence of State President Shri Shivakumar & Secretary Shri Sathyanarayanan on 25th December, 2024.



LUB's New Executive Goa State met Chief Minister Dr. Pramod Sawant and Discussed the Upcoming Plan. President Smt. Pallavi Salgaocar, GS Shri Mudit Agarwal, Treasurer Shri Vibhor Keny, VP Shri Jayesh Raikar & Jt.Secretary Shri Rahul Parab were present on 14th Dec. 2024.



LUB's Uttar Pradesh State Unit & SIDBI Signed a MOU for Facilitating MSMEs in the presence of MD, SIDBI Shri Rajiv Kumar and General Secretary, LUB Shri Bharat Tharad at Lucknow on 24th December, 2024.



LUB's North-East State Unit Organised One Day Workshop on Efficient Operation & Maintenance of Boilers in association with National Productivity Council, Guwahati on 10th December, 2024.

UDYOG TIMES
OFFICIAL PUBLICATION OF LAGHU UDYOG BHARATI
30 December, 2024
Registration No. RAJBIL/2016/69093
Postal Reg. No. : Jaipur City/433/2020-22



श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री



श्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़
मा. उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री



श्री के. के. विश्नोई
मा. उद्योग राज्य मंत्री

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से प्रदेश के विकास में समर्पित लघु उद्योगों के विकास की प्रदर्शनी

# आत्मनिर्भर भारत के बढ़ते कदम...

# पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव-2025

PASHCHIMI RAJASTHAN UDYOG HASTSHILP UTSAV
JODHPUR
UTSAV 2025

## 9 से 19 जनवरी, 2025 तक

## स्थान - रावण का चबूतरा मैदान, जोधपुर

संपर्क - जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र, जोधपुर, दूरभाष - 0291-2431937

आयोजक - जिला प्रशासन, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र एवं उद्यम प्रोत्साहन संस्थान, जोधपुर

नोडल एजेंसी

## लघु उद्योग भारती, जोधपुर प्रांत

लघु उद्योग भारती

रीको गेस्ट हाउस के पास, रेलवे डीजल शेड के सामने, जोधपुर
दूरभाष - 0291-2944981 / 2745360






(संपूर्ण भारत की कला, संस्कृति, हस्तशिप एवं लघु उद्योग उत्पादनों की अनूठी प्रदर्शनी, विभिन्न प्रतियोगिताएं, मनोरंजन, सांस्कृतिक संध्या तथा फूड स्टॉल)

लघु प्रयास से हम मिलकर, चलो करें कोई नव उद्यम। भारत को आत्मनिर्भर करने, संकल्पित हो सभी करें श्रम।



LUB's Monthly Magazine Published by OP Mittal Printed at Raj Blocks, 22 Godown Ind. Area Kartapura, JAIPUR-302019